

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21



5 आईपीएल - दिल्ली ने बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में हराया.... | सम्पादकीय मासूम संवेदनाएं | केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाकर 60% किया 5



वर्ष 18 अंक 77 E-mail: dholpur@hotmail.com | धौलपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


# ईरान ने एक बार फिर होर्मुज स्ट्रेट को बंद किया

## कहा- अमेरिका ने सीजफायर डील तोड़ी





आर.एन.एस

**तेहरान।** ईरान ने फिर से होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया है। इसे शुक्रवार को खोला गया था, लेकिन अब इस समुद्री रास्ते पर पाबंदियां लगा दी गई हैं।ईरान ने कहा कि अमेरिका से बातचीत के बाद उसने भरोसे में आकर कुछ तेल और माल ले जाने वाले जहाजों को गुजरने दिया था। लेकिन अमेरिका ने अपने वादे नहीं निभाए और नाकेबंदी के बहाने जहाजों के साथ सख्ती की।

ईरान ने कहा कि यह सीजफायर डील का उल्लंघन है, इसलिए अब होर्मुज से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह सेना के कंट्रोल में होगी। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक अमेरिका उसके बंदरगाहों पर लगी नाकेबंदी नहीं हटाता, तब तक वह होर्मुज से जहाजों को गुजरने नहीं देगा।

अमेरिका ने होर्मुज से नाकेबंदी हटाने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प का कहना है कि जब तक ईरान अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तब तक यह जारी रहेगी।

ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका हर हालत में ईरान के पास मौजूद एनरिच्ड यूरेनियम लेकर रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बातचीत से समझौता नहीं हुआ, तो यह काम और सख्त तरीके से भी किया जा सकता है।इराक जल्द शुरू करेगा तेल निर्यातः कुछ दिनों में सभी फील्ड्स से सप्लाई बहालइराक ने तेल निर्यात को लेकर बड़ी घोषणा की है। देश अगले कुछ दिनों में सभी तेल क्षेत्रों से निर्यात फिर शुरू करेगा।

तेल मंत्रालय के प्रवक्ता साहिब बाजून के मुताबिक, टैंकरों और बड़ी कंपनियों के साथ निर्यात के लिए बातचीत जारी है और सभी कंपनियों के लिए दरवाजे खुले हैं। उन्होंने कहा कि सभी तेल क्षेत्र तैयार हैं और जल्द ही सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

इस बीच ट्रांसपोर्ट मंत्रालय ने बताया कि बसरा पोर्ट पर एक बड़ा टैंकर पहुंच चुका है, जो 20 लाख बैरल तेल लोड करेगा।

# विपक्ष ने आधी आबादी का अधिकार छीना उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी : पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री ने बिल पास ना होने पर माफी मांगी व महिला आरक्षण पर देश को 30 मिनट संबोधित किया




आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महिला आरक्षण पर देश को 30 मिनट संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं।'उन्होंने कहा, 'मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है। तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।'पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी।

लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। इस बिल में लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव था।

पीएम मोदी ने कहा कि महिलाओं के सपने को कुचल दियाः 'आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। विपक्ष ने मेजें थपथपाई : कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

नारी अपमान नहीं भूलतीः कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्म सम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाई थीं।



## पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10:30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा। पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि ढ्ढस्न के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था। लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था। हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका।



## राहुल पर एफआईआर के आदेश पर रोक

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज करने के अपने ही आदेश पर रोक लगा दी है। मामला दोहरी नागरिकता से जुड़ा है। कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर जारी आदेश में यह जानकारी दी।कोर्ट ने बताया कि शुक्रवार (17 अप्रैल) को सुनवाई हुई थी। इसमें याची समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से पूछा गया था कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है? वकीलों ने नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं बताई थी।

## यूपी का बांदा एशिया में सबसे गर्म

आर.एन.एस

नई दिल्ली। देश के लगभग सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के बांदा में शुक्रवार को तापमान 45.4 डिग्री दर्ज हुआ, जो इस सीजन में अब तक एशिया में सबसे ज्यादा तापमान है। दिलचस्प बात यह है कि एक हफ्ते पहले, यानी 9-10 अप्रैल को देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम 12 डिग्री तापमान भी बांदा में ही दर्ज हुआ था।

# पुराना महिला विधेयक लाना चाहिए : प्रियंका गांधी



आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को केंद्र से मूल महिला आरक्षण विधेयक को फिर से पेश करने का आग्रह किया, संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026 के विशेष संसदीय सत्र के दौरान लोकसभा में पारित न हो पाने के एक दिन बाद।

विशेष सत्र के अंतिम दिन से पहले एएनआई से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने सरकार को चुनौती दी कि वह विधेयक का वह संस्करण वापस लाए जिसे पहले व्यापक राजनीतिक सहमति मिली थी।

उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार को सोमवार को ही पुराना महिला विधेयक लाना चाहिए, जिसे सभी दलों ने पारित किया था। सोमवार को संसद सत्र आयोजित करें, विधेयक लाएं और देखें कि कौन महिला विरोधी है। हम सभी आपको वोट देंगे और आपका समर्थन करेंगे। '

उनकी ये टिप्पणी सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार और विपक्षी दलों के बीच उस असफल विधेयक को लेकर बढ़ते राजनीतिक गतिरोध के बीच आई है, जो परिसीमन प्रक्रिया के माध्यम से महिला आरक्षण के कार्यान्वयन से जुड़ा था। लोकसभा में विधेयक को आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका, क्योंकि 298 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 230 सदस्यों ने इसके विरोध में मतदान किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की कि संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका है। इस परिणाम के बाद, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार शेष दो परस्पर संबंधित विधेयकों पर आगे कार्रवाई नहीं करेगी।

भाजपा ने विपक्षी दलों पर संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाए गए ऐतिहासिक सुधार को रोकने का आरोप लगाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, टीएमसी और अन्य दलों ने विधेयक को पारित होने से रोका और राजनीतिक परिणामों की चेतावनी दी।

हालांकि, विपक्ष का कहना है कि वह सैद्धांतिक रूप से महिला आरक्षण का समर्थन करता है, लेकिन परिसीमन और जनगणना प्रक्रियाओं से इसे जोड़ने का विरोध करता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विधेयक को भारत की चुनावी संरचना को बदलने का प्रयास बताया, जबकि कई कांग्रेस नेताओं ने इस मतदान को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा बताया।

## एमपी : बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 15 करोड़ की डकैती

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली में दिनदहाड़े बैंक डकैती का मामला सामने आया है। यहां बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में शुक्रवार दोपहर 5 हथियारबंद बदमाश घुसे। फायरिंग कर करीब 9-10 किलो सोना और 20 लाख कैश लेकर भाग गए। सोने की कीमत करीब 15 करोड़ आंकी गई है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, लूटा गया सोना ग्राहकों का था, जिसे बैंक ने गिरवी रखकर लोन जारी किया था। सोना एक ही लॉकर में रखा गया था, जिसे बदमाशों ने निशाना बनाया। आरोपी पिट्ठू बैग के साथ एक बड़ा कपड़े का थैला लेकर आए थे। उसी में सारा माल भरकर फरार हो गए।चश्मदीद आशीष पांडे ने बताया कि जब वह अपनी पत्नी के साथ बैंक में काम करा रहे थे, तभी अचानक दो हथियारबंद बदमाश अंदर दाखिल हुए। उन्होंने तुरंत बैंक कर्मचारियों को बंधक बना लिया।

# राहुल के घर तक महिला सांसदों का मार्च, पुतला जलाया

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को लेकर एनडीए नेता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी के घर की ओर मार्च किया।कार्यकर्ताओं ने राहुल का पुतला जलाया। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए वाटर कैनन चलाई। केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को हिरासत में लिया गया है।

दरअसल सरकार शुक्रवार को लोकसभा में संविधान का 131वां संशोधन बिल लाई थी। सरकार इसे पास नहीं करा पाई। यह 54 वोट से गिर गया। इसके जरिए संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था।भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा- मेरा मन बहुत रो रहा है। कल जब संसद में बिल पास नहीं हो पाया तो आपने पीएम मोदी का चेहरा देखा होगा कि उन्होंने अपने दर्द और आंसुओं को कैसे काबू में रखा। मेरा तो उठने का भी मन नहीं कर रहा था। कांग्रेस, एसपी, आप, टीएमसी, डीएमके ने इस देश की महिलाओं को चुनौती दी है। महिलाएं उन्हें जवाब देंगी।

# न्यायपालिका में एआई का इस्तेमाल जरूरी लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं : सूर्यकांत



आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका में एआई का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती। यह बात उन्होंने शनिवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि,ढ्ढ का इस्तेमाल करते समय संतुलन जरूरी है। इससे काम तेज और आसान हो सकता है, लेकिन फैसला हमेशा इंसानी सोच, अनुभव और संवैधानिक समझ से ही होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे,ढ्ढ से प्रभावित न हों और अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखें।

यह बयान उन्होंने 'रीइमैजिनिंग द ज्यूडिशियरी इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर कर्नाटक स्टेट ज्यूडिशियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के सम्मेलन में दिया। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी मौजूद थे।

सीजेआई ने कहा कि जैसे जज जटिल मामलों में ज्यादा समय, सोच और धैर्य लगाते हैं, वैसे ही,ढ्ढ टूल्स का इस्तेमाल भी समझदारी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही तरीके से उपयोग करने पर ये टूल्स मदद करेंगे, लेकिन जज का स्वतंत्र निर्णय सबसे जरूरी रहेगा। उन्होंने इसके जोखिमों पर भी चेताया। उन्होंने कहा कि एआई केवल डेटा और एल्गोरिद्म पर काम करता है, उसमें इंसानी समझ, नैतिकता और सामाजिक संदर्भ की समझ नहीं होती। ऐसे में ज्यादा निर्भरता से न्याय प्रक्रिया कमजोर हो सकती है।

# अफ्रीका का चक्कर लगाकर मिडिल ईस्ट जा रहा अमेरिकी वॉरशिप

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** समुद्र में दुनिया के सबसे ताकतवर जंगी जहाजों में शामिल अमेरिका का विशाल एयरक्राफ्ट कैरियर स्स् जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश सीधा रास्ता छोड़कर लंबा चक्कर लगा रहा है। यह जहाज अब डेढ़ गुना ज्यादा दूरी तय करते हुए अफ्रीका का पूरा चक्कर लगाकर ईरान के करीब पहुंच रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेड सी का रास्ता हूती विद्रोहियों के खतरे से भरा है। जिससे बचने के लिए यह अमेरिकी सुपरकैरियर लंबा रास्ता लेने को मजबूर है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी कैरियर जिब्राल्टर, भूमध्य सागर और स्वेज नहर होते हुए रेड सी से गुजरते हैं। लेकिन इस बार अमेरिकी नौसेना ने यह रास्ता नहीं चुना है।इस कैरियर के साथ तीन डेस्ट्रॉयर और करीब 6,000 नाविक हैं। दो अमेरिकी अधिकारियों ने,क्कको बताया कि यह स्ट्राइक ग्रुप मिडिल ईस्ट तैनाती के लिए रवाना हुआ है।

**यमन के हूती विद्रोहियों से डरा अमेरिका**

इस सबसे ताकतवर माने जाने अमेरिकी जहाज का इतना लंबा रूट लेना कोई आम बात नहीं है। पेंटागन ने आधिकारिक तौर पर वजह नहीं बताई है, लेकिन संकेत साफ हैं कि अफ्रीका का रास्ता लेने से यह जहाज लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट से बच रहा है।हाल के सालों में इस इलाके को यमन के हूती विद्रोही ने असुरक्षित बना दिया है। इन हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन है और पहले भी वे लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट जैसे अहम समुद्री रास्तों पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर चुके हैं।

# टीसीएस नासिक केस : आरोपी निदा खान फरार

नई दिल्ली। नासिक के टीसीएस ऑफिस में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी निदा खान 8 दिन से फरार है। पुलिस के मुताबिक, उसे ढूंढने के लिए तीन अलग-अलग टीमें बनाई गईं हैं।

निदा के पति को शुक्रवार को पूछताछ के लिए मुंबई पुलिस ने हिरासत में लिया। पति ने बताया था कि निदा एक रिश्तेदार के घर पर रुकी हुई है, लेकिन जब अधिकारी वहां पहुंचे तो घर पर ताला लगा हुआ था। पुलिस ने बताया कि आरोपी और उसके रिश्तेदारों दोनों के मोबाइल फोन भी बंद हैं।

उधर ञ्जष्टस् कंपनी ने भी इंटरनल जांच शुरू कर दी है। कंपनी ने बताया कि किसी भी पीड़ित ने कंपनी की क्कह्रस्॥ (प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट) पॉलिसी के तहत कभी कोई लिखित शिकायत नहीं की।

पुलिस ने इस मामले में अब तक 8 लोगों के खिलाफ 9 स्नढ्ढक्र दर्ज की गई है। 7 लोगों को गिरफ्तार कर किया है।

इस बीच फरार आरोपी निदा खान ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। निदा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी के खिलाफ साजिश हुई है। यह मामला नासिक के बाबा अशोक खरात से जुड़े विवाद को दबाने के लिए खड़ा किया गया है। निदा ने शिकायत करने वाली महिला से कभी बात तक नहीं की और न ही किसी को धर्म परिवर्तन के लिए कहा।

# ममता बनर्जी ने वोटों के लिए बंगाल की जमीन बेच दी : सीएम हिमंत बिस्वा

आर.एन.एस



**नई** दिल्ली। असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने ने वोटों के लिए बंगाल की जमीन बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दी है। कलिम्पोंग में एक रैली के दौरान हिमंता ने कहा कि जब से ममता सीएम बनी हैं, उन्होंने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है। उन्हें सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल खो देंगे।

इधर, बंगाल के उलुबेरिया में चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि क्चछ्वक्क का पतन कल से शुरू हो गया है। हम पिछले कई दशकों से महिलाओं के आरक्षण के मुद्दे की वकालत करते आ रहे हैं। यह महिलाओं के आरक्षण का बिल नहीं था, बल्कि इसका संबंध परिसीमन से था; इसलिए हमने इसका विरोध किया।

वहीं, शनिवार को तमिलनाडु में राहुल गांधी ने पहली चुनावी रैली की। पोन्नेरी में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- धरती पर ऐसी कोई ताकत नहीं है जो तमिलनाडु या तमिल भाषा को जरा भी नुकसान पहुंचा सके, क्योंकि तमिल कोई साधारण भाषा नहीं है।राहुल ने कहा कि पुराने जमाने की सेनाओं की तरह ही, बीजेपी भी तमिल भाषा पर हमला करना चाहती है, इतिहास को मिटाना चाहती है और तमिल संस्कृति को तोड़-मरोड़कर पेश करना चाहती है। हम ऐसा कभी भी होने नहीं देंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी अमेरिका के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हुई डील में देश के किसान, मजदूर, छोटे व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को बेच दिया गया है।

राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि डोनाल्ड ट्रंप के जरिए अमेरिका के प्रधानमंत्री को कंट्रोल करता है। उन्होंने एपस्टीन फाइल्स का जिक्र करते हुए गंभीर आरोप लगाए।

# महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से 4 संदिग्ध गिरफ्तार

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से ढ्ढश्वष्ठ और उससे जुड़ा सामान बरामद हुआ है।

आरोपियों में दो महाराष्ट्र और एक-एक ओडिशा और बिहार के हैं। इनकी पहचान मोसाइब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दो आरोपी एक रिमोट कंट्रोल खिलौना कार में ढ्ढश्वष्ठ फिट करने की तैयारी में थे।

जांच में यह भी सामने आया कि शेख इमरान दिसंबर 2025 में दिल्ली गया था। उसने रेड फोर्ट और इंडिया गेट जैसे जगहों की रेकी की थी। एजेंसियों के अनुसार, इन लोगों ने राम मंदिर, संसद भवन और सैन्य ठिकानों जैसे बड़े टारगेट पर हमले की भी चर्चा की थी।

पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी एक कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और गजवा-ए-हिंद जैसे नैरेटिव को बढ़ावा दे रहे थे। आरोपी एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया ग्रुप्स पर एक्टिव थे। इन ग्रुप्स में जिहाद, हथियार और कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ा कंटेंट शेयर किया जाता था।

# होम लोन चुकाने के बाद भी दस्तावेज नहीं लौटाने पर LICHFL पर 2.5 लाख का हर्जाना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-चतुर्थ ने पूरा होम लोन चुकाने के बाद भी मकान के मूल दस्तावेज वापस नहीं लौटाने और उनके गुम होने के मामले में ख्रुष्ट॥स्नरु को सेवा में कमी तथा अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी माना है। आयोग ने कंपनी को परिवादी को 2 लाख 50 हजार रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में देने तथा एक माह के भीतर मकान के दस्तावेज अपने खर्चे पर तैयार कराकर सौंपने के निर्देश दिए हैं।

आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा तथा सदस्य नीलम शर्मा और पूजा मित्तल ने यह आदेश दिल्ली निवासी रविन्द्र नाथ द्वारा दायर परिवाद पर सुनाया। मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता जगमोहन पारीक ने पक्ष रखा।

परिवाद में बताया गया कि रविन्द्र नाथ ने ख्रुष्ट॥स्नरु से होम लोन लिया था, जिसके बदले कंपनी के पास मकान के मूल कागजात जमा कराए गए थे। निर्धारित अवधि में ऋण की समस्त राशि चुका देने के बाद परिवादी ने कंपनी से अपने मूल दस्तावेज लौटाने की मांग की। आरोप है कि बार-बार अनुरोध के बावजूद कंपनी ने दस्तावेज वापस नहीं किए।

सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कंपनी मूल कागजात उपलब्ध कराने में असफल रही। आयोग ने माना कि ऋण की पूरी राशि प्राप्त होने के बाद वित्तीय संस्था का दायित्व था कि वह ग्राहक के दस्तावेज सुरक्षित रखे और समय पर वापस करे। ऐसा नहीं करना सेवा में कमी की श्रेणी में आता है।

आयोग ने अपने आदेश में कहा कि मूल संपत्ति दस्तावेजों के अभाव में उपभोक्ता को आर्थिक, मानसिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में वित्तीय संस्था की लापरवाही उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है।

आदेश के अनुसार, ख्रुष्ट॥स्नरु को एक माह के भीतर परिवादी को 2.5 लाख रुपये हर्जाना अदा करना होगा। साथ ही मकान के दस्तावेज संबंधित विभागों से पुनः तैयार कराकर अपने खर्चे पर परिवादी को उपलब्ध कराने होंगे। निर्धारित अवधि में आदेश की पालना नहीं होने पर परिवादी को विधिक प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई का अधिकार रहेगा।

# सुरों में डूबा जयपुरः गुजरा हुआ जमाना' ने जगाई यादों की महफ़िल



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर में आज जैसे ही शाम ढली, महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम सुरों की रोशनी से जगमगा उठा और 'गुजरा हुआ जमाना - आता नहीं दुबारा' ने जयपुर को एक ऐसी संगीतमय यात्रा पर ले गया, जहाँ हर धुन में यादें थीं, हर गीत में एहसास। शहर के संगीत प्रेमियों से खचाखच भरे सभागार में तालियों, मुस्कुराहटों और गुनगुनाहट का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

इस खास संध्या में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और पद्म भूषण से सम्मानित पंडित विश्वमोहन भट्ट की गरिमामयी उपस्थिति ने सुरों की इस शाम को और भी प्रतिष्ठा प्रदान की। डॉ. प्रकाश छबलानी की परिकल्पना में सजे इस आयोजन ने जयपुर की समृद्ध संगीत परंपरा को एक जीवंत उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम की शुरुआत हाल ही में हुए आशा भोंसले जी के निधन के शोक में एक भजन 'तुम्हारा मन दर्पण हो जाए' के साथ हुई। मंच पर जब एक के बाद एक सदाबहार धुनें बिखरीं, तो श्रोताओं का दिल जैसे बीते दौर में लौट गया। 'ना मुँह छुपा के जियो' की आत्मीयता, 'जाने वो कैसे लोग थे' की संवेदनशीलता, 'मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया' की बेफिक्री, 'एक प्यार का नगमा है' की गहराई और 'गुलाबी आँखें' की चंचलता ने माहौल को रंगीन बना दिया। वहीं 'तुम मिले दिल खिले', 'लाल इश्क' और 'होश वालों को खबर क्या' जैसी प्रस्तुतियों ने नई पीढ़ी के सुरों को भी उसी खूबसूरती से पिरोया। हर प्रस्तुति के साथ दर्शक कभी तालियों की गूंज में खो गए, तो कभी खुद ही गीतों को गुनगुनाने लगे–मानो पूरा सभागार एक सुर में बंध गया हो। शहर के प्रतिष्ठित कलाकार–प्रो. डॉ. सुमन यादव, संजय रायज़ादा, सुमंत मुखर्जी, ममता झा, सोनिया बिरला, सुप्रिया केसवानी, के.के. एवं रजनी ठाकुर, विक्रम सिंह, सुनील शर्मा, यशवर्धन सिंह, गरिमा वर्मा और डॉ. बबीता–ने अपनी सुरीली आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से इस शाम को अविस्मरणीय बना दिया। वहीं मंच का संचालन शिल्पा, वेदिका और वर्णिका परवानी द्वारा किया गया।



आयोजकों के अनुसार, यह केवल एक संगीत का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एहसासों का उत्सव था जिसने बीते दौर की मधुरता और आज की ताजगी को मिलकर एक ऐसा संगीत रचा कि हर दिल में इस शाम की गूंज लंबे समय तक रहेगी। जयपुर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह शहर सिर्फ गुलाबी रंग के लिए नहीं, बल्कि सुरों की गहराई और संगीत की आत्मा के लिए भी जाना जाता है।



# भगत की कोठी में बनेगा स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों का विशेष अनुरक्षण डिपो

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जोधपुर।** जोधपुर स्थित भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों और अन्य ट्रेनों के अनुरक्षण के लिए विशेष आधुनिक डिपो विकसित किया जा रहा है। यह सुविधा टेक्नोलॉजी पार्टनर स्कीम के तहत तैयार की जा रही है और इसे भारतीय रेलवे पर वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के लिए पहला समर्पित रखरखाव डिपो बताया जा रहा है। परियोजना का निर्माण कार्य दो चरणों में किया जा रहा है।

यह परियोजना उत्तर पश्चिम रेलवे, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) तथा काईनेट रेलवे सॉल्यूशंस (रूस) के सहयोग से विकसित की जा रही है। डिपो के डिजाइन, निर्माण और संचालन के लिए संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है। परियोजना पर कुल लगभग 360 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

डिपो में 24 कोच वाली ट्रेनों के रखरखाव के लिए 600 मीटर ट्रैक सहित आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। पहले चरण में लगभग 167 करोड़ रुपए की लागत से तीन पिट लाइन वाली कवर्ड इंस्पेक्शन बे बनाई जा रही है। इसके साथ कार्यालय, प्रशिक्षण केंद्र और स्टोर के लिए करीब 1200 वर्ग मीटर कवर्ड एरिया का प्रावधान किया गया है। ड्रॉप पिट टेबल तथा अन्य पिट लाइन सुविधाओं का भी निर्माण किया जा रहा है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार पहले चरण का कार्य जून 2026 तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद 24 स्लीपर कोच वाली वंदे भारत ट्रेनों के नियमित अनुरक्षण की सुविधा शुरू की जा सकेगी। इससे उत्तर पश्चिम रेलवे क्षेत्र में आधुनिक ट्रेनों के रखरखाव की क्षमता बढ़ेगी।

दूसरे चरण में लगभग 195 करोड़ रुपए की लागत से अतिरिक्त आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा। इसके तहत 200 मीटर लंबा बड़ा कवर्ड शेड बनाया जाएगा, जिसमें ओएचई सुविधा युक्त पिट लाइन होगी। साथ ही दो लाइन वाली वर्कशॉप बे, पिट व्हील लेथ शेड तथा पहियों के अनुरक्षण कार्य का विस्तार किया जाएगा।

# दुर्लभ योगों के साथ आ रही है अक्षय तृतीया, दान-पुण्य और खरीदारी का मिलेगा कई गुना फल : पंडित गौड़

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बांदीकुई।** इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व विशेष खगोलीय संयोगों के कारण अत्यंत दुर्लभ और शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित पुरुषोत्तम गौड़ के अनुसार लगभग 100 वर्षों बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब अक्षय योग, त्रिपुष्कर योग, मालव्य राजयोग और रवि योग एक साथ उपस्थित रहेंगे, जो इस दिन के महत्व को और भी बढ़ा देते हैं।उन्होंने बताया कि त्रिपुष्कर योग में किए गए दान, तप, जप और खरीदारी का फल तीन गुना बढ़कर मिलता है। वहीं अक्षय योग इस दिन किए गए शुभ कार्यों को अक्षय अर्थात कभी न समाप्त होने वाला बनाता है। इसके साथ ही मालव्य राजयोग और रवि योग का संयोग जीवन में समृद्धि, सफलता और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।इस दिन ग्रहों की स्थिति भी अत्यंत शुभ मानी जा रही है। मेष राशि में उच्च का सूर्य शक्ति, आत्मबल और स्थिरता का प्रतीक है, वहीं वृषभ राशि में उच्च का चंद्रमा धन, सुख और वैभव का संकेत देता है। इस कारण से यह दिन सोना, चांदी, आभूषण या संपत्ति खरीदने के लिए विशेष रूप से शुभ माना गया है।

**ज्योतिषाचार्य गौड़ ने बताया कि**

अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो। इस दिन किए गए दान-पुण्य का फल अनंत और स्थायी माना जाता है।दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस दिन जल से भरा कलश, मिट्टी का घड़ा या प्याऊ लगवाना अत्यंत पुण्यदायी होता है, जिससे पितरों की तृप्ति होती है। इसके अलावा जौ, चने की दाल, गेहूं, सत्तू का दान स्वर्ण दान के समान फलदायी माना गया है। वस्त्र, छाता, पंखा, जूते-चप्पल आदि का दान करने से राहु-केतु के दोषों में भी कमी आती है। यदि संभव हो तो सोना-चांदी का दान करें, अन्यथा सामान्य अन्न का दान भी शुभ फल देता है।

# 10वीं परीक्षा में रयान इंटरनेशनल स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

**रयान इंटरनेशनल स्कूल, निर्माण नगर, जयपुर ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है।**

**विद्यालय के 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।**

**विद्यालय प्रशासन ने इसे शैक्षणिक प्रदर्शन का महत्वपूर्ण परिणाम बताया है।**



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। विद्यालय के घोषित परिणामों के अनुसार केविन गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सोनाक्षी गौतम ने 96.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा तथा तिथि जगद ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार विद्यार्थियों की सफलता में उनके नियमित अध्ययन, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को दर्शाता है।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ए. एफ. पिंटो तथा प्रबंध निदेशक ग्रेस पिंटो के नेतृत्व में विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता और समग्र विकास पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

विद्यालय की प्राचार्या सुजाता पांडेय ने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के परिश्रम और विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

# परशुराम जयंती पर बांदीकुई में पंडित पुरुषोत्तम गौड़ 1100 स्टील कलश करेंगे भेट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बांदीकुई।** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर शहर में इस वर्ष भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत ज्योतिष आचार्य डॉ. पंडित पुरुषोत्तम गौड़ द्वारा 1100 स्टील के कलश महिलाओं को निशुल्क भेंट किए जाएंगे, जिससे आयोजन में विशेष आकर्षण जुड़ गया है। आयोजन समिति के अनुसार परशुराम जयंती के उपलक्ष में कलश शोभायात्रा 19 अप्रैल को प्रातः 8:30 बजे गोपाल बगीची से शुरू होगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई परशुराम जन्म उपयोगी भवन धर्मशाला पहुंचेगी, जहां मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भाग लेंगी। इस दौरान भजन-कीर्तन, धार्मिक झांकियां और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।समारोह में ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित पुरुषोत्तम गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



# जिला कलेक्टर ने किया जयपुरिया चिकित्सालय का निरीक्षण

## » बैठक में आरएमआरएस फंड से चिकित्सालय के विकास कार्यों की दी स्वीकृति

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक शनिवार को जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय संदेश नायक की अध्यक्षता में चिकित्सालय के सभाकक्ष में हुई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय में मरीजों के हितार्थ नए एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, डिजिटल एक्सरे मशीन, एंबुलेंस सहित चिकित्सालय के विकास से संबंधित अन्य कार्यों को करवाने के लिए आर एम आर एस के फंड से व्यय की स्वीकृति प्रदान की।

इससे पूर्व जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय में संचालित क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, रामाश्रय वार्ड का दौरा कर यहां की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की तथा नवनिर्मित लैब कॉम्प्लेक्स और ओपीडी ब्लॉक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से चिकित्सालय में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर उत्तर मुकेश कुमार मूंड, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. जीवराज सिंह, उप नियंत्रक डॉ. राकेश, प्रभारी अधिकारी डॉ. विजय अरोड़ा, डॉ. रिंकू गुप्ता और डॉ.अनूप कुमार भी बैठक में उपस्थित थे।



# आव्हान अभियान की भीलवाड़ा तहसील टोलीयो का गठन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**गंगापुर।** गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत भीलवाड़ा तहसील टोली का गठन करते हुए आज विधायक कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक तहसील प्रचारक संत श्री श्री 108 श्री लाल जी महाराज (कोटड़ी) ने मार्गदर्शन में आयोजित की गई । गौ सम्मान यात्रा में नंदी बाबा एवं गौ माता के साथ ही सुसज्जित रथ में श्री कृष्ण और बलराम के स्वरूप की झांकी में साथ रहेगी । इस दौरान संत महात्मा पूरे सम्मान के साथ गौ सेवा,सुरक्षा और सम्मान के साथ प्रार्थना पत्र लेकर चलेंगे। साथ अभियान की सार्थकता को लेकर महामंडलेश्वर हंस राम जी उदासीन, महामंडलेश्वर महंत बाबू गिरी जी महाराज , पंचमुखी दरबार के महंत लक्ष्मण दास जी त्यागी, हाथी भाटा आश्रम के संत दास जी महाराज, टेकरी के बालाजी के महंत बनवारी शरण जी काठिया बाबा, निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण जी शास्त्री , ट्रांसपोर्ट नगर के रामदास जी महाराज के सानिध्य में भीलवाड़ा तहसील स्तर पर टोली का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक उद्योगपति टी सी छाबड़ा, राम पाल सोनी एवं लादू राम बांगड़ को बनाया गया। तहसील प्रचारक संत श्री श्री 108श्री लाल जी महाराज, गौ प्रचारक विश्व प्रताप सिंह , भगवान सिंह चौहान, मनोज प्रताप भारद्वाज, एडवोकेट राज कुमार शर्मा, रघु नन्दन सिंह कानावत, सेवानिवृत अधिकारी गोपाल बांगड़, शिक्षाविद विवेक निमावत, मातृशक्ति में श्री मती मधुबाला यादव, कविता छिपा, अलका जोशी, गौ शाला के रवि अग्रवाल, सुनील जागेटिया, गोविन्द सोडाणी, रामपाल असावा, आध्यात्मिक सत्संग में इस्कॉन के प्रभु हरि चेतन दास, दिव्यांशु, शंभू वैष्णव, समाज सेवी राजेश बालार, शांति प्रकाश मोहता, को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई ।

# अमेजन ने लॉन्च किया एआई स्टोर

## स्मार्ट डिवाइस खोज में 60% बढ़ोतरी

**अमेजन डॉट इन ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए समर्पित एआई स्टोर लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों को एआई आधारित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की खोज, तुलना और खरीद की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा।**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बेंगलुरू।** इसमें लैपटॉप, स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, टैबलेट, स्मार्टवॉच और स्मार्ट ग्लासेस जैसी श्रेणियां शामिल हैं।कंपनी ने बताया कि भारत में एआई आधारित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। अमेजन डॉट इन पर ऐसे उत्पादों से संबंधित खोजों में वर्ष दर वर्ष 60 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। एआई लैपटॉप और टैबलेट श्रेणी में 80 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है, जबकि टेलीविजन श्रेणी में लगभग 40 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वियरेबल्स श्रेणी में भी दो अंकों की वृद्धि देखी गई है।

अमेजन इंडिया की डायरेक्टर (कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स) ज़ेबा खान ने कहा कि एआई स्टोर का उद्देश्य ग्राहकों को नई तकनीक को सरल तरीके से समझाना और उपयुक्त उत्पाद चुनने में सहायता देना है। उन्होंने कहा कि स्टोर पर उत्पादों के एआई फीचर्स को आसान भाषा में समझाया गया है, जिससे ग्राहक बिना तकनीकी जटिलताओं के निर्णय ले सकें। कंपनी के अनुसार एआई डिवाइस से संबंधित कुल खोजों का लगभग दो-तिहाई हिस्सा टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहा है। इसे छोटे और मध्यम शहरों में स्मार्ट तकनीक के बढ़ते उपयोग का संकेत माना जा रहा है। स्टोर पर कई प्रमुख ब्रांड्स के उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। स्मार्टफोन श्रेणी में सैमसंग गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा, वनप्लस नॉर्ड 6 और आईक्यूओओ 15 शामिल हैं। लैपटॉप श्रेणी में एचपी ओम्नीबुक अल्ट्रा, आसुस विवोबुक 14 और लेनोवो योगा स्लिम 7 उपलब्ध हैं। टीवी श्रेणी में सैमसंग क्यूएलईडी विज़न एआई 4के, एलजी एआई सीरीज़ 4के और टीसीएल क्यूडी-मिनी एलईडी गूगल टीवी शामिल हैं।कंपनी ने बताया कि प्लेटफॉर्म पर केवल ऐसे उत्पाद सूचीबद्ध किए गए हैं जिनके एआई फीचर्स उपयोगी और व्यावहारिक हैं। उदाहरण के तौर पर लैपटॉप में बैटरी दक्षता बढ़ाने, स्मार्टफोन में डेटा सुरक्षा, टीवी में चित्र गुणवत्ता सुधारने और स्मार्टवॉच में स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देने जैसी सुविधाएं शामिल हैं।अमेजन ने कहा कि यह पहल ग्राहकों के लिए एआई तकनीक को अधिक सुलभ बनाने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी पहले से शॉपिंग असिस्टेंट, इमेज सर्च, रिव्यू सारांश और प्राइस हिस्ट्री जैसे एआई आधारित फीचर्स भी उपलब्ध करा रही है।

# बॉक्स एफएम रेडियो स्टेशन का विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत बॉक्स एफएम रेडियो स्टेशन का दौरा किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेडियो प्रसारण की कार्यप्रणाली, तकनीकी व्यवस्था और प्रसारण प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लाइव स्टूडियो, प्रोडक्शन रूम, साउंड मिक्सिंग कंसोल तथा ट्रांसमिशन सिस्टम का संचालन देखा। उन्हें रेडियो स्टेशन में कार्यक्रम तैयार करने से लेकर प्रसारण तक की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। यह भ्रमण विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर (गेस्ट फैकल्टी) डॉ. सोभित सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



इस अवसर पर बॉक्स एफएम के सीईओ मुकुल गोस्वामी ने विद्यार्थियों को रेडियो उद्योग के वर्तमान स्वरूप और इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों के विस्तार के बावजूद एफएम रेडियो आज भी अपनी त्वरित पहुंच और स्थानीय जुड़ाव के कारण प्रभावी जनसंचार माध्यम बना हुआ है। उन्होंने रेडियो स्टेशन की प्रोग्रामिंग, विज्ञापन प्रबंधन और प्रसारण संचालन की प्रक्रिया भी समझाई।रेडियो जॉकी रवीन्द्र ने विद्यार्थियों को रेडियो प्रस्तुति से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।

**भविष्य के लिए उपयोगी**

**डॉ. सोभित सैनी** ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को सैद्धांतिक अध्ययन के साथ उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली समझने का अवसर देते हैं। इससे विद्यार्थियों को मीडिया क्षेत्र की व्यावसायिक आवश्यकताओं और संभावनाओं की जानकारी मिलती है, जो उनके भविष्य के लिए उपयोगी साबित होती है।विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान प्रसारण तकनीक, रेडियो प्रबंधन और कार्यक्रम निर्माण से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने उत्तर दिया।

उत्तर पश्चिम रेलवे
निविदा का प्रथम शुद्धि पत्र
1.निविदा संख्या : ELCJP/ABR-TRAH/NLT02/25-26 2. कार्य का नाम : नई लाइन के कार्य के संबंध में अजमेर डिवीजन, एनाडस्थापुर के आबू रोड–तारंगा हिल खंड (81–116 किमी) में 2x25KV ओएचई सिस्टम के रेलवे विद्युतीकरण कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। 3. निविदा दस्तावेज में पूर्व में प्रकाशित कार्य पूर्ण होने की तिथि : 12 माह 4. निविदा दस्तावेज में वर्तमान में शुद्धिकरण के पश्चात कार्य पूर्ण होने की तिथि : 24 माह निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।
उप मुख्य बिजली अभियन्ता (निर्माण), जयपुर
562-DR/26

# लू-ताप घात से बचाव के लिए क्या करें, क्या ना करें की प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा हीट वेव की स्थिति के प्रभावी प्रबंधन के लिए लू-ताप से बचाव व आमनज को राहत के लिए गर्मी लू-ताप की लहर के लिए क्या करें, क्या ना करें के निर्देश दिए है।

### लू-ताप से बचाव के लिए सभी आमजन द्वारा क्या करें

प्रभारी अधिकारी सहायता एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि सभी आमजन द्वारा रेडियों सुने, टीवी देखें, स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए समाचार पत्र पढ़े या सम्बन्धित मोबाइल ऐप डाउनलोड करें, अपने आप को हाइट्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय लस्सी, निंबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने, अतिआवश्कय कार्य होने पर बाहर जाने पर कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करते हुए अपने सिर को ढके, आखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे का प्रयोग करें, त्वचा की सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन लगाएं।

उन्होंने बताया कि कार्य स्थल पर ठंडे पेयजल का प्रबंध करें, सभी श्रमिकों के लिए आराम के लिए छाया, साफ पानी, छाछ, आइस-पैक के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट और ओआरएस का प्रबंध करें, श्रमिकों के लिए सीधी धूप से बचने के लिए प्रेरित करें, श्रमसाध्य कार्यो को दिन के कम ताप वाले समय में करें, बाहरी गतिविधियों के दौरान विश्राम करने की आवृति और सीमा समय बढ़ाएं, श्रमिकों को लू से सम्बन्धित चेतवानी के बारे में सूचित करें तथा श्रमिकों के लिए गर्मी वाले क्षेत्र में उन्हें हल्का व कम घंटों का काम दें। उन्होंने बताया कि बंद वाहन में बच्चों या पालतू जानवरों को अकेला ना छोड़े, पंखे और नम कपड़ों का प्रयोग करें, ठंडे पानी से स्नान करें, अत्यधिक पेड़ लगाए, सूखी पत्तियों, कृषि अवशेषों और कचरों का ना जलाएं, जल स्त्रोंतों का संरक्षण करें, वर्षा के जल को संचयित करें, चक्कर आने या अपने आप को अस्वस्थ्य महसूस करने पर तत्काल चिकित्सक से सलाह लें।

### मवेशियों के लिए यह उपाय

उन्होंने बतया कि अपने पशुओं को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त, स्वच्छ और ठंडा पानी दे, पशुओं से प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे के मध्य काम ना लें, शेड की छत को पुआल से ढक दे, तापमान कम करने के लिए सफेद रंग, चूने एवं गोबर का लेप करें, लेड में पंखें, वाटर स्प्रे और फॉमर्स का प्रयोग करें, अत्यधिक गमी के दौरान पानी का छिड़काव करें और मवेशियों को ठंडा करने के लिए एक जल निकाय पर ले जाएं, उन्हें हरी घास, प्रोटीन-वसा बाईपास, खनिज मिश्रण और नमक दें।

### लू-ताप घात से सभी आमजन क्या ना करें

उन्होंने बताया कि दोपहर 12 और 3 बजे के मध्य धूप में बाहर जाने से बचें, दोपहर में बाहर होने पर भारी कार्यो से बचें, नंगे पाव बाहर ना जाएं, दिन के सबसे गर्म समय के दौरान खाना पकाने से बचें, खाना पकाने वाले हिस्से को हवादार बनाए रखने के लिए दरवाजों और खिड़कियां खुली रखे, शराब, चाय, कॉफी, और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचें, वसायुक्त भोजन ना करें, पार्क किए गए वाहनों में बच्चों और पालतू जानवरों को ना छोड़े, अनावश्यक गर्मी करने वाले बल्बों का उपयोग ना करें।



## कृषि उपज मण्डी समितियों में होंगे 21 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक लागत के विकास कार्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कृषि उपज मण्डी समितियों में सुविधा विस्तार एवं आधारभूत संरचना निर्माण के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मण्डियों में 21 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। कृषि उपज मण्डी समिति, चौमहला (झालावाड़), कुचामन सिटी, 'विशिष्ट श्रेणी' बारां, कोटा (अनाज) एवं प्रतापगढ़ में मण्डी यार्ड के निर्माण कार्य एवं विद्युत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे। इससे ना केवल कृषि उपज मण्डियों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ होगा बल्कि अन्नदाता एवं व्यापारियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# गांव बड़रिया से 29.32 लाख बकाया राशि पर उतारे 20 ट्रांसफार्मर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार अधिशाषी अभियंता माखन सिंह के नेतृत्व में बसेड़ी विद्युत विभाग के सहायक अभियंता बीएस मीणा एवं टीम द्वारा शनिवार को उपखण्ड बसेड़ी के अंतर्गत बकाया वसूली के दौरान गांव बड़रिया से 29.32 लाख की बकाया राशि पर 13 विद्युत ट्रांसफार्मर उतारे एवं गांव ताजपुरा से 16.18 लाख की बकाया राशि पर 7 ट्रांसफार्मर उतार कर कुल 20 विद्युत ट्रांसफार्मर एवं 142 अवैध जंपर उतार कर भंडार शाखा में जमा कराए गए। इसके साथ साथ विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सतर्कता टीम द्वारा चार गैर उपभोक्ताओं के जांच प्रतिवेदन भरकर तीन अवैध विद्युत ट्रांसफार्मर मौके से जब्त कर उक्त व्यक्तियों पर 2.5 लाख का जुर्माना लगाया गया तथा बसेड़ी टीम द्वारा 8 उपभोक्ताओं के जांच प्रतिवेदन भरकर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान थाना इंचार्ज नदानपुर कृष्ण कुमार मय पुलिस जाब्ता एवं डीएसटी प्रभारी एएसआई प्रेमसिंह मय डीएसटी जाब्ता के साथ मौजूद रहे।

# झिरी गांव के कच्चे मकान में लगी भीषण आग, दो मवेशी भी झुलसे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» सरमथुरा...आग से जला पड़ा भूषा

**सरमथुरा।** उपखंड के झिरी गांव में अज्ञात कारणों से एक कच्चे मकान में भीषण आग लग गई। आगजनी में मकान में रखा करीब 20 मन तूरी, कपड़े और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग ने पास में बंधी दो मवेशियों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे बुरी तरह झुलस गईं। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पीड़ित परिवार का सारा सामान जल चुका था। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी एवं सरपंच प्रतिनिधि संजू सिंह जादौन मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार झिरी गांव निवासी हरिज्ञान राजपूत को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। राजस्व विभाग को नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पीड़ित को मुआवजा दिलाया जा सके।

## सनराइजेज हैदराबाद मैच के टिकट कुछ ही मिनट में हुए सोल्ड

**जयपुर।** जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मुकाबलों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने जयपुर होम मैचों के लिए 19 अप्रैल से ऑफलाइन टिकट बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। वहीं 25 अप्रैल को होने वाले राजस्थान रॉयल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद मुकाबले के फेज-1 टिकट शनिवार शाम कुछ ही मिनटों में पूरी तरह सेल आउट हो गए है। राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन ने बताया कि प्रशंसक अब सवाई मानसिंह स्टेडियम के ईस्ट, वेस्ट और नॉर्थ गेट्स पर स्थित निर्धारित बॉक्स ऑफिस काउंटरों से टिकट खरीद सकेंगे। ये काउंटर रोजाना सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे।

# प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी महासचिव ने पलटवार करते हुए बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा कोरा प्रदर्शन की खोली पोल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने कहा महिला आरक्षण के मुद्दे पर देश की जनता को गुमराह करने की कोशिशें अब साफ़ तौर पर सामने आ चुकी हैं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला सशक्तिकरण का ढोंग रचते हुए, असल में राजनीतिक लाभ के लिए इस संवेदनशील विषय का इस्तेमाल किया जा रहा है। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि महिला आरक्षण का हम सदैव समर्थन करते रहे हैं, लेकिन इसे बहाना बनाकर देश के संघीय ढांचे और संविधान के साथ छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती।

जब महिला आरक्षण विधेयक प्रस्तुत किया गया था, तब विपक्ष ने एक स्वर में इसका समर्थन किया था और मांग की थी कि इसे बिना किसी शर्त के तुरंत लागू किया जाए, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं संसद और विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व पा सकें। लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर परिसीमन और जनगणना जैसी शर्तें जोड़कर इसे टालने का काम किया। आज सवाल यह है कि भाजपा के कार्यकर्ता जो प्रदर्शन कर रहे है आखिर क्या संदेश देना चाहते हैं? मैं उनसे पूछना चाहती हूं –आप तब कहाँ थी जब मुख्यमंत्री के गृह जिले और उनकी ही विधानसभा क्षेत्र नदबई में एक महिला का घर उजड़ गया? उसके पति की निर्मम हत्या कर दी गई। क्या उस समय महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान आपकी प्राथमिकता नहीं थी?

आप तब कहां थी जब आपकी ही पार्टी के नेताओं पर महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने के आरोप लगे? तब आपकी आवाज़ क्यों नहीं उठी? सच्चाई यह है कि भाजपा ने हमेशा धर्म और भावनाओं का सहारा लेकर राजनीति की है। पहले प्रभु श्रीराम के नाम पर सत्ता हासिल करने की कोशिश की गई और अब महिला आरक्षण के नाम पर चुनावी लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। पांच राज्यों में संभावित हार को देखते हुए, आचार संहिता के बावजूद जल्दबाजी में विशेष सत्र बुलाकर बिल पारित करना उनकी मंशा को साफ दर्शाता है। हम यह भी मांग करते हैं कि महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए और किसी भी बड़े संवैधानिक बदलाव से पहले सर्वदलीय चर्चा और देशव्यापी सहमति बनाई जाए। देश की महिलाएं जागरूक हैं और इस प्रकार की राजनीतिक चालों को भलीभांति समझती हैं। अब समय आ गया है कि जनता इन मुद्दों पर जवाब मांगे और सच्चाई को पहचाने।

# आंगनबाड़ी केन्द्र कोली नाथ बस्ती बाड़ी पर पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित



» बाड़ी... आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल विकास परियोजना अधिकारी बाड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र कोली नाथ बस्ती में 8वें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के तहत पोषक आहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरी पत्तेदार सब्जियों, मोटे अनाज, विभिन्न प्रकार की दालों एवं पोषाहार से बने व्यंजनों व फलों की स्टॉल प्रदर्शनी लगाई गई।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, बच्चों की माताओं एवं अन्य लाभार्थियों को संतुलित आहार एवं शाला पूर्व शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। मोबाइल व टीवी का अधिक उपयोग बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, जैसे आंखों की कमजोरी, मोटापा, चिड़चिड़ापन व नींद की समस्या, इसलिए बच्चों को बाहरी खेल, शारीरिक गतिविधियों व योग के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में बताया गया कि जीवन के प्रथम 1000 दिनों में बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 80 प्रतिशत विकास होता है, इसलिए इस अवधि में सही पोषण अत्यंत आवश्यक है। गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण, संतुलित एवं तिरंगा भोजन, हरी सब्जियों, दालों तथा मौसमी फलों के सेवन की सलाह दी गई। साथ ही आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों का नियमित सेवन, उचित वजन वृद्धि एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर भी जोर दिया गया। यूनिसेफ की सहयोगी संस्थान वात्सल्य संस्थान से ब्लॉक कार्डिनेटर राखी परमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन , सहायिका पार्वती सहित पंजीकृत गर्भवती महिला व धात्री माताएं उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में राज्य सरकार द्वारा खरीफ 2025 के लिए जारी 1150.04 करोड़ रुपये

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल ने बताया कि राजस्थान सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 सत्र के लिए पंजीकृत 2.17 करोड़ बीमाधारकों को 1150.04 करोड़ रुपये की राज्यांश अनुदान राशि का भुगतान कर दिया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा का मजबूत कवच मिलेगा। कृषि मंत्री ने बताया कि योग्य फसल बीमा पॉलिसीधारक किसानों को खरीफ 2025 के तहत देय लगभग 2237 करोड़ रुपये के दावों का शीघ्र, त्वरित एवं प्राथमिकता आधार पर वितरण किया जाएगा। इससे प्रभावित किसान परिवारों को समय पर वित्तीय सहायता मिल सकेगी, जो उनकी आय सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यह योजना किसानों को असफल बुआई, बुआई से कटाई तक खड़ी फसलों में प्राकृतिक आपदाओं से क्षति तथा कटाई उपरांत 14 दिनों की अवधि में पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस पर पूर्ण बीमा लाभ प्रदान करेगी। राज्य सरकार दावों के सत्यापन को पारदर्शी, त्वरित एवं तकनीकी आधारित बनाने के लिए कटिबद्ध है, ताकि कोई किसान विलंब का शिकार न हो। किसानों द्वारा 466.14 करोड़ रूपये का प्रीमियम जमा करवाया गया है। किसानों पर प्रीमियम कम पड़े इसके लिए राज्य सरकार द्वारा राज्यांश प्रीमियम अनुदान1150.04 करोड़ रूपये और केंद्र सरकार द्वारा राज्यांश प्रीमियम अनुदान 1150.04 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया हैं, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ कम पड़े। कृषि मंत्री ने कहा कि 'राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और जोखिमों से सुरक्षा के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है। फसल बीमा योजना को और मजबूत बनाकर हर योग्य किसान तक लाभ पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' यह कदम राजस्थान के किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगा।

# इंसानियत की मिसालः मनियां के जसूपुरा में कुएं में गिरे बेजुबान की युवाओं ने बचाई जान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** तहसील के ग्राम जसूपुरा में युवाओं ने मानवता और साहस का परिचय देते हुए एक बेजुबान की जान बचाकर इलाके में मिसाल पेश की है। पिछले 15 दिनों से लापता एक पालतू कुत्ता, जो गांव के पास स्थित माता के मंदिर के गहरे कुएं में गिर गया था, उसे युवाओं ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण दाऊ दयाल सिकरवार का पालतू कुत्ता पिछले कई दिनों से लापता था। वे उसे हर संभावित जगह पर तलाश रहे थे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों को मंदिर के पास स्थित कुएं से आवाज सुनाई दी। जब गांव के युवाओं को खबर मिली कि कुत्ता कुएं में गिर गया है, तो वे तुरंत बचाव के लिए एकत्रित हो गए। कुआं गहरा था और अंदर जाना जोखिम भरा हो सकता था, लेकिन बेजुबान की तड़प देखकर ग्रामीण गोपाल कुशवाहा ने हिम्मत दिखाई। गोपाल तुरंत रस्सी के सहारे कुएं में उतरे। कुएं के भीतर की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन गोपाल ने सूझबूझ से कुत्ते को सुरक्षित पकड़ लिया और ऊपर खींच लिया गया।

जैसे ही कुत्ता सुरक्षित बाहर निकला, उसके मालिक दाऊ दयाल सिकरवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अपने वफादार साथी को 15 दिन बाद जीवित पाकर उनकी आंखों में आंसू छलक आए। उन्होंने सभी युवाओं का आभार व्यक्त किया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में गांव के दर्जनों स्वयंसेवकों ने हाथ बंटाया। मौके पर मुख्य रूप से अमित सिकरवार तेजेंद्र मुदगल, राकेश कृष्णा सूरज शैलेंद्र नरेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। युवाओं के इस जज्बे की पूरे मनिया तहसील में प्रशंसा हो रही है। लोगों का कहना है कि आज के समय में जहां लोग अपनों की मदद से कतराते हैं, वहीं इन युवाओं ने एक बेजुबान के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर सच्ची इंसानियत दिखाई है।

# अपना घर आश्रम में डेढ़ माह पश्चात बिछड़े चाचा को भतीजे से मिलाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** बसेड़ी रोड स्थित अपना घर आश्रम बाड़ी में कुछ दिन पहले लाये गए युवक को अपने परिवार से मिलाया गया। जानकारी के अनुसार सतीश (बंटू) गर्ग नादनपुर वालों की सूचना पर अग्रोहा कोल्ड स्टोर बसेड़ी रोड बाड़ी से यह प्रभुजी दयनीय स्थिति में अपना घर की रेस्क्यू टीम द्वारा रेस्क्यू किए गए । जिन्हें सेवा उपचार हेतु 13 अप्रैल 2026 को अपना घर आश्रम बाड़ी में एडमिट किया गया । अपना घर आश्रम के अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि यहां आश्रम की देखभाल एवं सेवाओं के प्रभाव से उनकी मानसिक स्थिति में सुधार हुआ और इन्होंने अपने घर परिवार के बारे में बताया। परिवार में उनके भतीजे प्रभात सागर से मोबाइल पर संपर्क किया गया इन्होंने अपने चाचा राजवीर को पहचान लिया जो आज अपना घर आश्रम पर आए इन्होंने बताया कि यह डेढ़ महीने से लापता थे और हमने इन्हें बहुत जगह तलाश किया। आखिर में अपना घर आश्रम बाड़ी में इनके होने की सूचना मिली और हम इन्हें लेने के लिए अपना घर आश्रम पर आए हैं। आश्रम की कागजी कार्यवाही पूर्ण कर आश्रम पदाधिकारी मनोज मोदी, अनिल मंगल(पप्पन), विजय सिंघल कार्यकारिणी सदस्यों ने प्रभुजी को तिलक कर , दुपट्टा पहना कर ससम्मानपूर्वक अपने घर के लिए विदा किया गया ढ्ढ इस मौके पर आश्रम प्रभारी राजकुमार गर्ग, नितेश प्रजापति, सचिन अमन राकेश भगवान दास इत्यादि सेवा साथी उपस्थित रहे ।

## माइंस विभाग ने शुरु की राजस्व लक्ष्य संग्रहण और मिनरल ब्लॉकों के वार्षिक रोडमैप की कवायद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राज्य के माइंस विभाग ने वर्ष 2026-27 के राजस्व लक्ष्य संग्रहण की कवायद शुरु की है वहीं वित्तीय वर्ष के दौरान मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉकों और प्लॉटों के तैयार करने से लेकर ऑक्शन तक का कलेण्डर बनाने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने अधिकारियों को राजस्व वसूली के सभी संभावित स्त्रोतों पर फोकस करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश में वैध खनन को बढ़ावा और अवैध खनन पर कारगर रोक के लिए मिनरल क्षेत्रों में डेलिनियेशन, प्लॉट या ब्लॉक तैयार करने और ऑक्शन की टाइमलाईन बनाते हुए रोडमैप तैयार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में बंद पड़ी खानों में उत्पादन आरंभ कराने की कवायद की जाएं ताकि बंद खानों में खनन आरंभ होने से आर्थिक विकास, रोजगार और राजस्व के अवसर विकसित हो सके। एसीएस माइंस अपर्णा अरोरा शनिवार को खनिज भवन में विशिष्ट सचिव नम्रता वृष्णि, निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य के माइनिंग सेक्टर को देश का अग्रणी सेक्टर बनाने, राजस्व संग्रहण के कारगर प्रयास और मिनरल ब्लॉकों की नीलामी पर जोर देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि माइंस विभाग राज्य के राजस्व में प्रमुखता से योगदान देने वाला विभाग है। हाल ही समाप्त हुए वित वर्ष में 13 प्रतिशत विकास दर के साथ 10394 करोड़ रु. का रेकार्ड राजस्व संग्रहित किया है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए 39 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 14001 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया है। उन्होंने इसे चुनौती के रुप में लेते हुए राजस्व वसूली के सभी संभावित स्त्रोतों पर अभी से फोकस करते हुए राजस्व संग्रहण का कार्यालयबार मासिक रोडमैप बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व छीजत के सभी संभावित क्षेत्रों पर प्रभावी रोक लगानी होगी।

एसीएस अपर्णा अरोरा ने वैध खनन को बढ़ावा देने के लिए मिनरल खोज, डेलिनियेशन, मेजर और माइनर मिनरल्स के ऑक्शन के लिए प्लॉट और ब्लॉक तैयार करने के निर्देश दिए।

**कार्यालय पंचायत समिति सैंपऊ (धौलपुर)**

क्रमांकः/ पं.स.सै./लेखा./ईनि./सु.गा./2026/04 दिनांक :- 17.04.2026

**ई- निविदा सूचना 03/2026-27**

पंचायत समिति सैंपऊ की अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र भवनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा कार्मिकों को उपलब्ध कराने हेतु जॉब बेसिस आधार पर आपूर्ति हेतु इच्छुक रजिस्टर्ड सुरक्षा सेवा प्रदाता एजेंसियों से अनुमानित राशि 40 लाख हेतु ऑनलाईन ई-निविदायें दिनांक 27.04.2027 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं RISL की राशि संबंधित बजट मद या डीडी/बैंकर चैक / बैंक गारंटी के रूप में पंचायत समिति सैंपऊ में जमा कराना आवश्यक होगा। जिसका UBN No.ZDH2627SLRC00027 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक
पंचायत समिति सैंपऊ

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सैंपऊ

**कार्यालय पंचायत समिति सैंपऊ (धौलपुर)**

क्रमांकः/ पं.स.सै./लेखा./खु.नि./2026/05 दिनांक :- 17.04.2026

**खुली निविदा संख्या 04/2026-27**

पंचायत समिति व अधीनस्थ ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में विभिन्न कार्यों/ सेवाओं / सामग्री सप्लाई हेतु अनुभवी व पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 27.04.2027 तक वार्षिक दर संविदा हेतु दिनांक 27.04.2027 को समय 10.00 एएम तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। हड्डी ठेके हेतु निलामी खुली बोली द्वारा की जायेगी, जिसका UBN No.ZDH2627SSOB00019-26 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक
पंचायत समिति सैंपऊ

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सैंपऊ

**कार्यालय ग्राम पंचायत परौआ, पंचायत समिति सैंपऊ (धौलपुर)**

क्रमांकः/ ग्रा.पं/ई.नि.नि.स./2026/11 दिनांक :- 17.04.2026

**ई-निविदा संख्या 01/2026-27**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित समस्त प्रकार की योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये समक्ष श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 28.04.2026 को समय 10.00 एएम तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2627GLRC00028 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक
पंचायत समिति परौआ

विकास अधिकारी
पंचायत समिति परौआ

# संपादकीय

## मासूम संवेदनाएं

डॉ विजय गर्ग

मानव जीवन की सबसे सुंदर और पवित्र अभिव्यक्ति यदि कोई है, तो वह है मासूम संवेदनाएं। ये वे कोमल भावनाएं हैं जो बिना किसी स्वार्थ, छल या दिखावे के दिल से निकलती हैं और सीधे दूसरे के हृदय को छू जाती हैं। बच्चों की मुस्कान, किसी जरूरतमंद की मदद करने की सहज इच्छा, या किसी के दुख में बिना कहे साथ खड़े हो जाना– ये सब मासूम संवेदनाओं के ही रूप हैं।

बचपन इस मासूमियत का सबसे सजीव उदाहरण है। एक छोटा बच्चा न जाति जानता है, न धर्म, न ऊँच-नीच–वह केवल प्रेम और अपनापन समझता है। उसकी हंसी में सच्चाई होती है और उसके आंसुओं में भी कोई बनावट नहीं होती। यही निष्कपट भावनाएं हमें जीवन की वास्तविकता से जोड़ती हैं।

लेकिन जैसे-जैसे व्यक्ति बड़ा होता है, जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ की परतें इन संवेदनाओं को धीरे-धीरे ढकने लगती हैं। हम व्यस्तता के नाम पर दूसरों की पीड़ा को अनदेखा करने लगते हैं और अपनी भावनाओं को भी दबा देते हैं। परिणामस्वरूप, हमारे भीतर की वह मासूमियत कहीं खोने लगती है।

आज के तकनीकी और आधुनिक युग में, जहां रिश्ते भी कई बार औपचारिकता तक सीमित हो जाते हैं, वहां मासूम संवेदनाओं का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक सच्ची मुस्कान, एक सहानुभूतिपूर्ण शब्द या एक छोटा सा सहयोग किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। ये छोटी-छोटी संवेदनाएं ही समाज को मानवीय बनाती हैं।

हमें यह समझना होगा कि संवेदनशील होना कमजोरी नहीं, बल्कि एक बड़ी ताकत है। जो व्यक्ति दूसरों के दर्द को महसूस कर सकता है, वही सच्चे अर्थों में इंसान कहलाने योग्य है। मासूम संवेदनाएं हमें न केवल दूसरों के करीब लाती हैं, बल्कि हमारे अपने जीवन को भी अर्थपूर्ण बनाती हैं।

आज जरूरत है कि हम अपने भीतर छिपी इन कोमल भावनाओं को फिर से जागृत करें। दूसरों के प्रति सहानुभूति रखें, छोटी-छोटी खुशियों को साझा करें और अपने व्यवहार में सरलता व सच्चाई बनाए रखें। यही मासूम संवेदनाएं हमारे जीवन को सुंदर और समाज को बेहतर बना सकती हैं।

अंततः, मासूम संवेदनाएं वह अनमोल धरोहर हैं, जिन्हें सहेजकर रखना ही हमारे मानव होने की पहचान है। यदि हम इन्हें बचाए रख पाए, तो जीवन की कठोरता भी हमें कठोर नहीं बना पाएगी।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

# जीवन को समझने और बेहतर बनाने के लिए उदारता और संवेदना जरूरी

**दरअसल, भाषा बोलने–पढ़ने–लिखने के पहले हम 'देखते' हैं। यह सारा संसार एक दृश्य–लेख की तरह हमारे सामने उपस्थित होता है। हम अपने–अपने परिप्रेक्ष्य के बंदी होते हैं। अपनी 'स्वभावोक्ति' को सबसे अधिक महत्त्व देते हैं। हम जानते हैं समाज में असंतोष और प्रतिरोध हर व्यक्ति के भीतर घटित होता है। यह एक सुदीर्घ और अनवरत परंपरा है, जो उत्तरोत्तर जीवन की मुख्यधारा के स्तर पर प्रतिष्ठित होती गई है**

यों तो 'स्वभावोक्ति' का अर्थ है किसी वस्तु, व्यक्ति या स्थिति का उसके स्वाभाविक रूप में, बिना बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किए, यथार्थ चित्रण करना। जब हम 'जीवन की स्वभावोक्ति' की बात करते हैं, तो इसका अर्थ है जीवन को वैसे ही स्वीकार करना और वर्णित करना। जीवन में अनुभव, जीवन-संबंधी धारणाओं, जीवन की जय-पराजय आदि उतरना अस्वाभाविक प्रतीति नहीं है। इसके प्रस्थान-बिंदु बहुत गहराई में होते हैं, जिसमें उतार और चढ़ाव का नवाचार भी होता है, जो सबका बिल्कुल अलग-अलग होता है। जीवन में एक ही विषय पर सबके अनुभव बिलकुल अलग-अलग हो सकते हैं, अपनी 'स्वभावोक्ति' के साथ। उन अनुभवों को कहने से पहले बहुत कुछ घटित हो चुका होता है।

दरअसल, भाषा बोलने-पढ़ने-लिखने के पहले हम 'देखते' हैं। यह सारा संसार एक दृश्य-लेख की तरह हमारे सामने उपस्थित होता है। हम अपने-अपने परिप्रेक्ष्य के बंदी होते हैं। अपनी 'स्वभावोक्ति' को सबसे अधिक महत्त्व देते हैं। हम जानते हैं समाज में असंतोष और प्रतिरोध हर व्यक्ति के भीतर घटित होता है। यह एक सुदीर्घ और अनवरत परंपरा है, जो उत्तरोत्तर जीवन की मुख्यधारा के स्तर पर प्रतिष्ठित होती गई है, लेकिन उनमें मानव-नियति, मानव के अस्तित्व, मनुष्य केंद्रित मौलिक अनुभव होना जरूरी है। केवल घोषित प्रतिरोध छलावा है।

मानवीय सघनता स्वभावोक्ति का सत्व है। मानवीय संसक्ति की पहली और आखिरी शर्त मानव जीवन है, चाहे वह एक सीमा तक विरोधाभासों से क्यों न भरा हो। जीवन में निराशा, हताशा, संत्रास, ऊब, भय सब कुछ खप जाता है। जीवन यह सब पचाने की क्षमता रखता है। बल्कि यह मनुष्य के स्वभाव में है। आज एक



संवेदनशील चौकन्नेपन के साथ लोगों के भीतर पसरे 'सूखे' को भी तरल बनाना होगा। हमें अनुभव की सीढ़ियों पर धीरे-धीरे चढ़ना सीखना होगा। आखिर छोटे-छोटे ईमानदार प्रयास धीरे-धीरे शक्ल लेते हैं।

इन दिनों हमारी बौद्धिक प्रक्रिया इतनी तीव्र हो गई है कि वह हृदय के क्षेत्र से अनभिज्ञ हो रही है। एक स्थिर, रुके हुए, स्व-विवादों, व्यक्तिगत कुंठाओं से भरे समकाल में वर्तमान में उपस्थित मानवीय संकटों से भविष्य की संभावनाओं को कैसे तराशा जाएगा, यह प्रश्न खड़ा है। एक तरह की भ्रामक स्थिति कभी-कभी मन में निर्मित होने लगती है, जो रफ्तार और व्यस्तता हम महसूस कर रहे हैं, क्या जीवन वाकई उतनी ही गति से आगे बढ़ रहा है? भले ही हमें सब कुछ तेज गति में देखने की आदत-सी हो गई है, पर वास्तविकता ठहराव की है।

एक छोटे-से स्थायी बदलाव के लिए जीवन को कितना गहरा और लंबा संघर्ष करना पड़ता है। जबकि हम उससे बच रहें हैं, इसलिए जीवन से स्थायित्व समाप्त हो रहा। प्रगति और प्रयास साथ-साथ चलते हैं, लेकिन इनके साथ बहुत कुछ दबा-छिपा भी होता है, जो दिखाई नहीं देता। हम तेज रफ्तार में उसे धूमिल कर देते हैं।

आज स्मृतिहीनता, डर, अवसाद, असहायता, तात्कालिकता आदि साहित्य और कलाओं के विषय बन जरूर रहे हैं, लेकिन मनुष्य को मनुष्य से नहीं जोड़ रहे। तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद आज का मनुष्य चक्की के दो निर्मम पाटों के बीच पिस रहा है। देखा जाए, तो जीवन का प्रत्येक क्षण, हर घटना किसी प्रयोगशाला की तरह है। शांत नीरवता है, तो आवेग भी। इसी में चट्टानों से थपेड़े खाकर भी अडिग रहने वाला पहाड़ी स्वभाव भी, लेकिन जीवन का प्रत्येक क्षण अपनी प्रासंगिकता में रहे, यह जरूरी नहीं, क्योंकि हर स्वभाव की प्रकृति है हर प्रकृति में कुछ गुण-अवगुण। व्यक्ति को भावुकता और स्वभाव-कोमल दुर्बलता के कारण जीवन में अधिक संघर्ष करना पड़ता है और अपनी महत्त्वाकांक्षा के कारण बाहर के संसार के अतिरिक्त अपने अंतर्जगत से भी निरंतर जूझते रहना पड़ता है।

जीवन में पश्चाताप आंतरिक भावनाओं से संबंधित है। यह स्वभाव में निहित होकर भी कभी मुखर नहीं होता। पश्चाताप तभी हो सकता है, जब हमारे पास उदारता हो। जिस परिवेश में हम हैं, वहां पश्चाताप करने की स्थिति तो कई बार निर्मित हो सकती है, लेकिन हम करते नहीं, क्योंकि हम एक ऐसे युग में पैदा हुए हैं, जिसमें हर मनुष्य का जीवन मौजूदा उतार-चढ़ावों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता है।

कभी-कभी ऐसा लगता है कि इस आपाधापी में मनुष्य अपनी मानसिक सीमाओं के रहते हुए शांति, जीवन-सौंदर्य और लोकमंगल के स्वर्ग को प्रतिष्ठित नहीं कर सकता। मनुष्य को दो समायोजन जीवनपर्यंत समझने होते हैं। एक बाहर, एक भीतर का। दोनों ही उसके स्वभाव से टकराते हैं। हालांकि जीवन का स्वभाव ही परिवर्तन है। सुख-दुख, सफलता-असफलता, उतार-चढ़ाव- सब समय के प्रवाह में आते-जाते रहते हैं।

आज चारों ओर से हमारी सोच और भावनाओं, विचारों, विचारधाराओं ने और धर्मों तथा पूर्वाग्रहों ने ऐसे घेर रखा है, जैसे मनुष्य स्वतः प्रवाह से नियतिकृत जीवन न जीकर किसी बनावटी दुनिया का सांचा तैयार कर रहा है। एक समय था, जब मनुष्यों के माध्यम से जीवन में व्यक्त होने वाली सच्चाई मिलती थी। अब घटनाओं में भी सच्चाई को तलाशना पड़ता है।

जमीन पर आधारित पारिवारिक जीवन जीने का दौर किस प्रकार खत्म हो रहा है, हमें समझना होगा। ऐसे में बाजारी खतरों के बीच भी इंसानी अहमियत और समाजी इंसाफ के सवालों को व्यक्ति कब तक कितनी दृढ़ता से थामे रखता है। आखिर जीवन यात्रा का अर्थ अपनी इच्छाओं के साथ दूसरों को जीवन को भी बेहतर बनाने में निहित है।

हर सफल संस्था की रीढ़ ईमानदार और परिश्रमी लोगों से बनती है। किसी दफ्तर, विद्यालय या शासन व्यवस्था की गाड़ी उन गिने-चुने लोगों के श्रम, निष्ठा और जिम्मेदारी से चलती है, जो अपने कर्तव्य को धर्म समझते हैं। ऐसे लोग बिना किसी पुरस्कार या प्रशंसा की अपेक्षा के अपने हिस्से का काम पूर्ण मनोयोग से करते हैं। इन्हीं लोगों के परिश्रम के कारण ही कई खोटे सिक्के भी सहजता से चल जाते हैं। वे जानते हैं कि संस्था की साख इन ईमानदार लोगों से बनी है, इसलिए खोटे कर्मचारियों के दोष उसी उज्ज्वल साख की परछाई के पीछे छिप जाते हैं। एक कहावत है कि खोटे सिक्के खरे सिक्कों की आड़ में चल पाते हैं। यह तथ्य केवल बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं, यह तो जीवन के हर क्षेत्र में लागू होती है। वैसे सरकारी दफ्तरों का उदाहरण देखा जा सकता है, जहां असंख्य खरे सिक्के भी हैं, ईमानदार, कर्मठ, जिम्मेदार कर्मचारी, पर इनको अक्सर खोटे सिक्कों के साथ सहअस्तित्व बना कर चलना पड़ता है।

# पर्दे के पीछे का विज्ञान: अदृश्य शक्ति जो हमारे दैनिक जीवन को आकार देती है

डॉ विजय गर्ग

विज्ञान को अक्सर प्रयोगशालाओं, जटिल समीकरणों और अभूतपूर्व खोजों से जोड़ा जाता है। फिर भी, इसके कुछ सबसे शक्तिशाली योगदान छिपे हुए हैं। हम अपने दैनिक जीवन को सुचारू, सुरक्षित और अधिक कुशल बनाने के लिए चुपचाप काम कर रहे हैं। जागने के क्षण से लेकर सोने तक, विज्ञान ऐसे तरीकों से काम करता है जिन पर हम शायद ही कभी ध्यान देते हैं, लेकिन उन पर गहराई से निर्भर रहते हैं।

एक सरल सुबह की दिनचर्या पर विचार करें। जब स्मार्टफोन पर अलार्म बजता है, तो वह सिर्फ एक उपकरण नहीं होता, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक्स, सामग्री विज्ञान और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में हुई प्रगति का परिणाम होता है। नल से बहने वाले पानी को सावधानीपूर्वक डिजाइन की गई निस्पंदन और रासायनिक प्रक्रियाओं के माध्यम से शुद्ध किया गया है। यहां तक कि हमारे द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला टूथपेस्ट भी रसायन विज्ञान और स्वास्थ्य विज्ञान में किए गए शोध का परिणाम है, जो कैविटी और मसूड़ों की बीमारियों से सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

परिवहन एक और क्षेत्र है जहां विज्ञान चुपचाप काम करता है। चाहे वह साइकिल हो, कार हो या रेलगाड़ी, गति, घर्षण और ऊर्जा जैसे भौतिकी के सिद्धांत लगातार लागू होते रहते हैं। आधुनिक वाहन एयरबैग और एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम जैसी सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित हैं, ये सभी कई वर्षों के वैज्ञानिक परीक्षण और नवाचार के माध्यम से तैयार किए गए हैं। हर सुचारू यात्रा के पीछे विश्वसनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले इंजीनियरों और शोधकर्ताओं का एक नेटवर्क होता है।

संचार की दुनिया में, विज्ञान ने हमारे संपर्क के तरीके को बदल दिया है। मोबाइल नेटवर्क, उपग्रह और इंटरनेट सिग्नल और डेटा ट्रांसमिशन की जटिल प्रणालियों के माध्यम से काम करते हैं। जो एक साधारण वीडियो कॉल के रूप में दिखाई देता है, वह वास्तव में विद्युत चुम्बकीय तरंगों, कोडिंग एल्गोरिदम और वैश्विक बुनियादी ढांचे का एक परिष्कृत अंतःक्रिया है। यह अदृश्य वेब महाद्वीपों के लोगों को तुरंत संवाद करने की अनुमति देता है। स्वास्थ्य देखभाल शायद सबसे प्रभावशाली क्षेत्रों में से एक है, जहां विज्ञान पर्दे के पीछे काम करता है। टीके, नैदानिक उपकरण और दवाएं कठोर अनुसंधान और परीक्षण के माध्यम से विकसित की जाती हैं। अस्पताल मरीजों का निदान और उपचार करने के लिए इमेजिंग मशीनों और निगरानी प्रणालियों जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों पर निर्भर रहते हैं। यहां तक कि नियमित जांच भी वैज्ञानिक ज्ञान से समर्थित है, जो दशकों से विकसित हो रहा है।

कृषि को भी छिपे हुए वैज्ञानिक प्रयासों से लाभ होता है। बेहतर बीज, मिट्टी परीक्षण, सिंचाई तकनीकें और मौसम पूर्वानुमान किसानों को उत्पादकता बढ़ाने और जोखिम कम करने में मदद करते हैं।

परिशुद्ध खेती और जैव प्रौद्योगिकी जैसे नवाचार चुपचाप खाद्यान्न के उत्पादन और वितरण के तरीके को बदल रहे हैं, जिससे बढ़ती आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

पर्यावरण संरक्षण एक अन्य क्षेत्र है जहां विज्ञान चुपचाप लेकिन आलोचनात्मक रूप से काम करता है। वायु और जल की गुणवत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रियाओं की निगरानी करने वाली प्रणालियां सभी वैज्ञानिक सिद्धांतों पर निर्भर करती हैं। ये प्रयास प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने में मदद करते हैं।

इसकी अपार उपस्थिति के बावजूद, विज्ञान का पर्दाफाश प्रकृति अक्सर इसे हल्के में ले लेता है। हम विज्ञान पर तभी ध्यान देते हैं जब कुछ गलत हो जाता है। जब कोई उपकरण काम करना बंद कर देता है, जब कोई प्रणाली विफल हो जाती है, या जब कोई संकट उत्पन्न होता है। हालाँकि, विज्ञान की सच्ची सफलता इसकी अपनी ओर ध्यान आकर्षित किए बिना, सहजता से कार्य करने की क्षमता में निहित है।

दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका को पहचानना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से युवा शिक्षार्थियों के लिए। यह जिज्ञासा और उस प्रयास के लिए सराहना को प्रोत्साहित करता है जो सबसे सरल सुविधाओं में भी शामिल होता है।

यह समझना कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक अनुभवों में समाहित है, छात्रों को अन्वेषण और नवाचार करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

इन प्रगति में योगदान देने वाले वैज्ञानिक, इंजीनियर और शोधकर्ता अक्सर सुर्खियों से दूर रहते हैं। उनका काम हमेशा सुर्खियों में नहीं आता, लेकिन यह आधुनिक समाज की रीढ़ बनता है। वैज्ञानिक अनुसंधान को महत्व देकर और उसका समर्थन करके, हम ऐसे भविष्य में निवेश करते हैं जो अधिक कुशल, टिकाऊ और लचीला हो।

संक्षेप में, पर्दे के पीछे का विज्ञान जीवन के हर पहलू से जुड़ा एक अदृश्य धागा है। यह हमेशा दिखाई नहीं दे सकता, लेकिन इसका प्रभाव निर्विवाद है। जितना अधिक हम इसे समझते हैं और उसकी सराहना करते हैं, उतना ही अधिक हम अपने आसपास की दुनिया को बेहतर बनाने के लिए इसकी शक्ति का उपयोग कर सकते हैं।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलौट पंजाब

# भारत में गहराती अमीर-गरीब की खाई विकास के बीच क्यों बढ़ रही असमानता

**मगर, इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक गहरी चिंता भी छिपी हुई है और वह है व्यापक असमानता की। यानी आर्थिक विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचे हैं। एक ओर समृद्ध वर्ग अपनी आय और संपत्ति में निरंतर वृद्धि देख रहा है, दूसरी ओर निम्न आय वर्ग अभी भी संघर्षरत ह**

भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में स्थापित हो चुका है। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और बढ़ती महंगाई जैसी चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जिस प्रकार से लचीलापन दिखाया है, वह काबिलेगौर है। पिछले एक दशक में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि, बुनियादी ढांचे का विस्तार और सेवा क्षेत्र की मजबूती से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत की साख भी मजबूत हुई है।

मगर, इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक गहरी चिंता भी छिपी हुई है और वह है व्यापक असमानता की। यानी आर्थिक विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचे हैं। एक ओर समृद्ध वर्ग अपनी आय और संपत्ति में निरंतर वृद्धि देख रहा है, दूसरी ओर निम्न आय वर्ग अभी भी संघर्षरत है। यह स्थिति आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय के बीच बढ़ती खाई को दर्शाती है, जो देश के विकास की स्थिरता और समावेशिता पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

हाल के वर्षों में 'के-आकार की रिकवरी' (के-शेप्ड रिकवरी) शब्द काफी चर्चा में रहा है। इसका अर्थ है कि किसी आर्थिक संकट के बाद समाज के विभिन्न वर्ग अलग-अलग गति से उबरते हैं। भारत में यह परिघटना स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। कोरोना महामारी के बाद बड़े उद्योग, निगमित घराने और उच्च आय वर्ग तेजी से उबर गए। शेयर बाजारों में उछाल आया, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ और उच्च कौशल वाले लोगों के लिए अवसर बढ़े। इसके विपरीत, छोटे व्यवसाय, दिहाड़ी-मजदूर और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। यह विभाजन समाज को दो भागों में बांट देता है- एक जो तेजी से ऊपर जा रहा है और दूसरा जो पीछे छूटता जा रहा है। यही कारण है कि समावेशी विकास अब एक अनिवार्यता बन चुका है।

भारत में आय और संपत्ति का असंतुलन चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुका है। समाज का एक खास और छोटा-सा वर्ग देश की अधिकांश संपत्ति पर अधिकार रखता है, जबकि बड़ी आबादी के पास बहुत सीमित संसाधन हैं। शीर्ष दस फीसद लोगों के पास राष्ट्रीय आय और संपत्ति का बड़ा हिस्सा केंद्रित है, जबकि निचले पचास फीसद लोगों की हिस्सेदारी बहुत कम है। यह केवल बाजार की स्वाभाविक प्रक्रिया का परिणाम नहीं है, बल्कि शिक्षा, रोजगार और संसाधनों तक असमान पहुंच का नतीजा है। वित्तीय बाजारों और जमीन-जायदात कारोबार के बढ़ते प्रभाव ने इस असमानता को और गहरा किया है। जिनके पास पहले से संपत्ति थी, उसमें तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जबकि जिनके पास संसाधन नहीं थे, वे और पीछे रह गए। यह स्थिति दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक अस्थिरता को जन्म दे सकती है

देश का मध्यम वर्ग, जिसे अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, वह आज कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है। बढ़ती महंगाई, सीमित वेतन वृद्धि और रोजगार की अनिश्चितता ने इस वर्ग की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है। मध्यवर्ग बचत, निवेश और मांग को आगे बढ़ाता है। अगर यह वर्ग कमजोर होता है, तो इसका सीधा असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

भारत में असमानता केवल आंतरिक कारणों से नहीं, बल्कि वैश्विक परिस्थितियों से भी प्रभावित होती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, व्यापारिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। घरेलू स्तर पर भी कई संरचनात्मक समस्याएं हैं, जैसे ग्रामीण-शहरी अंतर, क्षेत्रीय असमानता और असंगठित क्षेत्र का पिछड़ना। हालांकि सरकार की ओर से डिजिटल और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में किए गए प्रयासों से नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन इनके लाभ सभी तक समान रूप से नहीं पहुंचे हैं। इससे साफ है कि असमानता एक जटिल समस्या है, जिसे हल करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है।

# उड़ान से पहले ही खतरा टकराए विमानों के डैने

**दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार को दो विमानों के पंख आपस में टकरा गए, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस घटना ने एक बार फिर हवाई सफर की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं**

देश में हवाई यात्रा को सुगम बनाने के लिए विमान सेवाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। मगर इसके साथ-साथ हाल के वर्षों में उड़ानों में सुरक्षा चूक और तकनीकी खराबी की घटनाएं भी चिंताजनक रूप से बढ़ी हैं। ऐसा लगता है कि अब तक हुए छोटे-बड़े हादसों से कोई सबक नहीं लिया गया है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार को दो विमानों के पंख आपस में टकरा गए, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस घटना ने एक बार फिर हवाई सफर की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्या वजह है कि एक के बाद एक सुरक्षा चूक के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार के ठोस एवं कारगर प्रयास धरातल पर नजर नहीं आते हैं?

इस तरह की घटनाओं में विभागीय कार्रवाई संबंधित कर्मियों को निलंबित करने और जांच प्रक्रिया शुरू करने की औपचारिकता तक ही सीमित रह जाती है। चूक किस वजह से हुई और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए, इसकी जानकारी शायद ही कभी सार्वजनिक हो पाती है।

दरअसल, देश में विमान सेवाओं का विस्तार तो हो रहा है, लेकिन इसके लिए जरूरी बुनियादी ढांचा उस गति से विकसित नहीं हो पाया है। यह बात भी छिपी नहीं है कि विमानों की संख्या के मुकाबले पायलटों, हवाई यातायात नियंत्रकों और इंजीनियरों की व्यवस्था का अभाव बना हुआ है। इसके अलावा, सुरक्षा सावधानियों की अनदेखी और पुराने उपकरणों का इस्तेमाल भी हादसों का कारण बनता है।

यह विचित्र है कि विमान संचालन के प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह की बारीकियों को अनिवार्य माना जाता है, हवाई पट्टी पर उसे लेकर भी लापरवाही बरती गई। इससे स्पष्ट है कि जब हवाई अड्डे पर ही यात्रियों की जान जोखिम में पड़ जाती है, तो हवा में सफर के दौरान किस तरह के खतरे पैदा हो सकते हैं, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

हर हादसे की तरह इस मामले में भी एक वायु यातायात नियंत्रक और दो पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है, लेकिन सवाल है कि महज इस तरह की कार्रवाई से सुरक्षा चूक का स्थायी हल निकल पाएगा? जाहिर है जब तक समस्या की जड़ में जाकर उसे खत्म नहीं किया जाएगा, तब तक व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाएगा।



# आईपीएल - दिल्ली ने बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में हराया, आखिरी ओवर में 15 रन बनाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। डीसी को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। ऐसे में डेविड मिलर ने लगातार दो छक्के और एक चौका लगाकर एक बॉल रहते टीम को जीत दिला दी।

टॉस हार कर बैटिंग कर रही बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.5 ओवर में 6 विकेट रहते टारगेट चेज कर लिया।

डीसी की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, आरसीबी 8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है।

स्टब्स-राहुल के अर्धशतक 176 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। तीनों विकेट भुवरेश्वर कुमार ने लिए। हालांकि ओपनर केएल राहुल एक एंड से टिके रहे और अर्धशतक लगाया। उनके और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी हुई।



सॉल्ट का अर्धशतक काम ना आया पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु के लिए फिल सॉल्ट ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 बॉल पर 63 रन बनाए। उनकी इस सीजन की यह दूसरी फिफ्टी रही। उनके और विराट कोहली के बीच पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी हुई। सॉल्ट के अलावा टिम डेविड ने 26, कोहली ने 19 और देवदत्त पडिक्कल ने 18 रन बनाए।

दिल्ली के 3 बॉलर्स ने 2-2 विकेट लिए दिल्ली के लिए अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और लुंगी एनगिडी ने 2-2 विकेट लिए। मुकेश कुमार को 1 विकेट मिला। वहीं, क्रुणाल पंड्या रन आउट हुए।

# साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया को 5 विकेट से हराया

## डरबन टी-20 में 159 का टारगेट 5 बॉल रहते चेज किया

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। डरबन में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 158 रन बनाए थे, जिसे साउथ अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट की 51 रनों की पारी के दम पर आसानी से हासिल कर लिया।

यह साउथ अफ्रीका का टी-20 इंटरनेशनल में अब तक का पांचवां सबसे सफल रन चेज है। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर ने तीसरे विकेट के लिए 51 गेंदों पर 71 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर तक भारत का स्कोर



2 विकेट पर 119 रन था और लग रहा था कि टीम 180 के पार जाएगी। हालांकि, आखिरी 5 ओवरों में टीम इंडिया ने सिर्फ 33 रन जोड़े और 4 विकेट गंवा दिए, जिससे टीम 160 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी।

शेफाली वर्मा की तेज शुरुआत, शॉर्ट बॉल पर हुईं आउट

भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने आते ही आक्रामक रुख अपनाया और 17 गेंदों पर 34 रन बनाए । उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की।

हालांकि, साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों ने उन्हें शॉर्ट बॉल पर फंसाने की रणनीति अपनाई। खाका की शॉर्ट बॉल पर वे एक बार बचीं, लेकिन अंत में तुमी सेखुखुने की शॉर्ट पिच गेंद पर कैच थमा बैठीं। वहीं स्मृति मंधाना सिर्फ 7 रन बनाकर खाका का शिकार बनीं।

अयाबोंगा खाका ने 16 रन देकर लिए 3 विकेट लिए

# अमेरिका में लोकेश सत्यनाथन ने लॉन्ग जंप में गोल्ड जीता, 8.21 मीटर छलांग लगाई

भारतीय लॉन्ग जंपर लोकेश सत्यनाथन ने अमेरिका के अर्कांसस में आयोजित ह्ष्ट (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन) डिवीजन-द्ब चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। लोकेश ने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर न केवल अपना पिछला इंडोर नेशनल रिकॉर्ड (8.01 मीटर) तोड़ा, बल्कि वे यह खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं।

च.ल.स्न के डायलॉग से मिलती है प्रेरणा टेक्सास के टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी में हेल्थ साइंस की पढ़ाई कर रहे लोकेश अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद को देतहैं।

वे फिल्म 'च.ल.स्नः चैप्टर 2' के



उस दृश्य को याद करते हैं जिसमें नायक अपनी मां से कहता है,यही तुम्हारा सपना था और अब मैं इसे जीतकर दिखाऊंगा।' लोकेश के मुताबिक, अपनी मां के त्याग और उनके शब्दों को याद करने पर आज भी उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

हादसे में चेहरे पर आई थीं गंभीर चोटें, फिर भी नहीं हारी हिम्मत लोकेश की यह कामयाबी आसान नहीं थी। साल 2022 में अमेरिका जाने से पहले बेंगलुरु में उनका एक भयानक एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। चोटों, दर्द और करियर में आए उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने अपने पिता की ताकत और मां के विश्वास के दम पर मैदान पर वापसी की।

# भारतीय महिला हॉकी टीम की जबरदस्त वापसी अर्जेंटीना के खिलाफ सीरीज 2-2 पर खत्म

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के खिलाफ चार मुकाबलों के दौरे को 2-2 की बराबरी पर खत्म किया। सीरीज की मुश्किल शुरुआत के बाद, भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए अपने आखिरी 2 मैच जीतकर दौरे का शानदार अंत किया। इस दौरे की शुरुआत 13 अप्रैल को एक कड़े मुकाबले वाले मैच से हुई, जिसमें नवनीत कौर (22') और अन्नू (29') ने भारत के लिए गोल किए। हालांकि, अर्जेंटीना ने यह मैच 4-2 से जीता, जिसमें मारिया एमिलिया लार्सन (11'), विक्टोरिया ग्रैनाटो (18'), और जूलिएटा जानकुनास (42', 55') ने गोल किए, लेकिन भारत ने पूरे मैच के दौरान जोरदार आक्रामक खेल दिखाया। 14 अप्रैल को खेले गए दूसरे मुकाबले में, इशिका (22') ने भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन मेजबान टीम ने 2-1 से करीबी जीत दर्ज की। अर्जेंटीना की तरफ से दोनों गोल अगस्टिना गोरजेलानी (34', 48') ने दागे।



16 अप्रैल को तीसरे मैच में भारत ने अपनी लय हासिल कर ली और 2-1 से जीत दर्ज करके सीरीज में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। नवनीत कौर (26') और नेहा (37') दोनों ने पेनाल्टी कॉर्नर से गोल करके भारत को 2-0 की आरामदायक बढ़त दिलाई।

अर्जेंटीना की अगस्टिना गोरजेलानी (52') के आखिरी समय में किए गए गोल के बावजूद, भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और जीत हासिल करके आखिरी दिन के मुकाबले को रोमांचक बना दिया।

17 अप्रैल को, सीरीज का आखिरी मुकाबला कड़ा था जो 0-0 की बराबरी पर खत्म हुआ। दोनों टीमों को गोल करने के मौके मिले, लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने पूरे मैच के दौरान मजबूती से डटे रहकर कोई गोल नहीं होने दिया। शूटआउट में, भारत ने अपना संयम बनाए रखा और 3-2 से जीत दर्ज करके यह सुनिश्चित किया कि सीरीज बराबरी पर खत्म हो।

अब टीम अपने घर लौटेगी, जहां वे अपना ट्रेनिंग कैंप जारी रखेंगी और इन सकारात्मक नतीजों को आगे बढ़ाएंगी। यह दौरा उनकी तैयारियों का एक अहम हिस्सा रहा है, जिसने टीम को विरोधी टीम के घर पर एक शीर्ष स्तर की टीम के खिलाफ खेलने का महत्वपूर्ण अनुभव दिया है।

## व्यापार

# केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाकर 60% किया

## 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने ष्ठ 58% से बढ़कर 60% किया है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू होगी। इस फैसले से सरकार का सालाना 6,791 करोड़ रुपए का खर्च बढ़ेगा।

इससे पहले अक्टूबर में महंगाई भत्ते को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था। पिछला रिविजन 1 जुलाई 2025 से प्रभावी माना गया था, जिसका भुगतान एरियर के साथ किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार (18 अप्रैल) को दिल्ली में हुई कैबिनेट बैठक में इसका ऐलान किया गया। इससे लगभग 50.5 लाख कर्मचारियों और 68.3 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा।




केंद्र सरकार साल में दो बार, जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बदलाव करती है। इस फैसले से कर्मचारियों की मंथली सैलरी और पेंशनर्स की पेंशन में इजाफा होता है।

**क्या है डीए और यह क्यों जरूरी है?**

महंगाई भत्ता सरकारी कर्मचारियों को दिया जाने वाला 'कॉस्ट-ऑफ-लिविंग' एडजस्टमेंट है। इसका कैलकुलेशन बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में किया जाता है।

इसका मुख्य मकसद बढ़ती कीमतों के बीच कर्मचारियों की वास्तविक आय की सुरक्षा करना है, ताकि उनकी सैलरी महंगाई के साथ तालमेल बिठा सके।

**8वें वेतन आयोग में बेसिक पे 69,000 करने की मांग**

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब कर्मचारी संगठन 8वें वेतन आयोग के तहत सैलरी स्ट्रक्चर में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी ने अपने ज्ञापन में 3.83 के हायर फिटमेंट फैक्टर की मांग की है।

अगर यह मांग मानी जाती है, तो न्यूनतम बेसिक पे ?18,000 से बढ़कर करीब ?69,000 हो सकती है। संगठन ने सैलरी कैलकुलेशन के लिए परिवार की परिभाषा में आश्रित माता-पिता को शामिल करने और वेतन विसंगतियों को दूर करने का सुझाव भी दिया है।

हालांकि आठवें वेतन आयोग के लागू होने की टाइमलाइन का ऐलान अभी तक नहीं हुआ है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये जल्द लागू हो सकता है। लेकिन इसे पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

# भारत बना दुनिया का भरोसेमंद निवेश ठिकाना

## सेबी प्रमुख का दावा- वैश्विक अनिश्चितताओं में भी पूंजी बाजार मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के पूंजी बाजार को स्थिर तथा भरोसेमंद निवेश के रूप में देखा जा रहा है। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने कहा कि भारत अब वैश्विक स्तर पर एक स्थिर पूंजी केंद्र के रूप में उभर रहा है।

देश का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 4.4 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है। तकनीक, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश के अवसरों ने इस धारणा को और मजबूत किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत ने इक्विटी और ऋण बाजारों के जरिए कुल 154 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है।



क्या कहते हैं आरबीआई के आंकड़ें

वर्ष 2025 में भारत प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की संख्या के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर, जबकि जुटाई गई पूंजी के मामले में तीसरे स्थान पर रहा। आरबीआई के मुताबिक, 2025-26 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान है, जो बाजार की मजबूती को और पुख्ता करता है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की परिसंपत्तियां करीब 780 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार का आकार भी बढ़कर करीब 650 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।

# स्मार्टफोन निर्यात में गिरावटः 2026 की शुरुआत में शिपमेंट 3 प्रतिशत घटा, छह साल का सबसे कमजोर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** जनवरी से मार्च 2026 तक भारत के स्मार्टफोन निर्यात में गिरावट दर्ज की गई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 के पहले तीन महीनों के दौरान भारत के स्मार्टफोन शिपमेंट में सालाना आधार पर 3 फीसदी की गिरावट आई। ये पिछले छह वर्षों में सबसे कमजोर प्रदर्शन है। आपूर्ति लागत में बढ़ोतरी, कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाना और कमजोर उपभोक्ता मांग इन तीनों कारकों ने बाजार पर दबाव डाला। बढ़ते दामों के कारण खुदरा बिक्री पर असर पड़ा, जबकि लॉन्च गतिविधियां अधिक होने के बावजूद बिक्री में अपेक्षित तेजी नहीं आई। 15,000 रुपये से कम वाले फोन की बिक्री में सबसे अधिक कमी आई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के निदेशक तरुण पाठक ने कहा कि लगातार तीन तिमाहियों में स्मार्टफोन महंगे हुए हैं और उपभोक्ता अपने फोन बदलने का समय टाल रहे हैं। ऐसे में निकट भविष्य में भी बाजार पर दबाव बना रह सकता है। इस साल दूसरी तिमाही में शिपमेंट दहाई अंक तक गिर सकता है, क्योंकि कीमतों में तेज वृद्धि और सस्ते स्मार्टफोन की मांग कमजोर बनी हुई है। वर्ष 2026 के लिए लगभग 10 फीसदी गिरावट का अनुमान है।



**जानिए किसका कैसा रहा प्रदर्शन?**

वीवो 21% मार्केट शेयर के साथ पहले स्थान पर।

सैमसंग दूसरे स्थान पर, सीरीज-ए और गैलेक्सी एस 26 की मजबूत मांग।

ओप्पो 14% हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर, टॉप-5 में सबसे तेज बढ़त।

शाओमी चौथे स्थान पर, 10,000-20,000 रुपये सेगमेंट में सबसे मजबूत।

एप्पल ने 9% बाजार हिस्सेदारी हासिल की।

नथिंग 47% वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड।

45,000 रुपये से अधिक के प्रीमियम सेगमेंट में गूगल 39% वृद्धि के साथ आगे।

अमेरिकी स्मार्टफोन की 40% आपूर्ति भारत से

भारत ने अमेरिका की स्मार्टफोन आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण जगह बना

# इस हफ्ते सोने-चांदी में बढ़त रही, सोना 1,328 बढ़कर 1.52 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी 10 हजार महंगी हुई

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में बढ़त रही। सोना 1,328 रुपए बढ़कर 1.52 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 10 अप्रैल, शुक्रवार को 1.50 लाख रुपए पर था। वहीं चांदी 2.40 लाख रुपए किलो से बढ़कर 2.50 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 10,006 रुपए बढ़ी है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 18,460 रुपए और चांदी 19,520 रुपए महंगी हुई है।

31 दिसंबर 2025 को 10द्द सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.50 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।



**ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन 2 बातों का रखें ध्यान**

1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदेंः हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- ՜4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

कीमत क्रॉस चेक करेंः सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# राजस्थान विधानसभा

# विदेशी प्रतिभागियों के साथ विधायी मसौदे पर चर्चा

## विधायी मसौदे में स्पष्ट व सरल भाषा में जनता की इच्छाएं प्रतिबिंबित होनी चाहिए - देवनानी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि कानून निर्माण में विधायी मसौदा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि विधायी मसौदे में स्पष्ट व सरल भाषा में जनता की इच्छाएं प्रतिबिंबित होनी चाहिए। स्पीकर देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा में विधेयक को पारित कराने की प्रक्रिया अत्यन्त सावधानी पूर्वक और पारदर्शी तरीके से की जाती है।

कानून में सर्वोत्तम गुणवत्ता के सभी पहलुओं का समावेश सुनिश्चित किया जाता है। स्पीकर देवनानी शनिवार को यहां राजस्थान विधान सभा में इन्टरनेशनल लेजिस्लेटिव ड्रॉफ्टिंग विषय पर विधायी मसौदा तैयार करने के लिए 37 वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग योजना के अंतर्गत लोकसभा सचिवालय के पार्लियामेन्ट्री रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसिस द्वारा आयोजित किया गया। देवनानी ने बांग्लादेश, भूटान, घाना, केन्या, श्रीलंका, तंजानिया, जाम्बिया सहित 17 देशों के 43 प्रतिभागियों से परिचय किया और उनके साथ सामूहिक चित्र भी कराया। स्पष्ट और सरल भाषा न्याय का सार - स्पीकर देवनानी ने कहा कि किसी भी विधेयक का प्रस्ताव की प्रक्रिया तीन मुख्य चरणों से गुजरती है। उन्होंने कहा कि विधेयक सदन में प्रस्तुत किया जाता है। द्वितीय चरण में विधेयक पर गहन चर्चा के साथ मसौदे को बेहतर बनाने के लिए अक्सर विशेष समितियों की मदद से हर पहलू का बारीकी से विश्लेषण कराये जाने के पश्चात सदन मतदान के लिए एकत्रित होता है। देवनानी ने कहा कि कानून को सशक्त, समझने में आसान और वास्तव में जनता के



हित में बनाने के लिए सम्पूर्ण प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक सुनिश्चित किया जाता है। स्पष्ट और सरल भाषा का प्रयोग ही न्याय का सार होता है।

राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का सच्चा मंदिर - स्पीकर देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का सच्चा मंदिर है। यहां सभी का एक साथ विकास करने और महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कानून पारित कराये जाते है। विधान सभा अपने गौरवशाली स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रही है। राज्य के निर्माण के शुरुआती दिनों से लेकर आज के डिजिटल शासन के युग तक विधान सभा में लाखों लोगों के सपनों को कानून में तब्दील किये जाते है।

200 सदस्यों वाली राजस्थान विधान सभा जनता की इच्छाओं को प्रतिबिंबित करने का कार्य करती है। भारत अमृतकाल के मार्ग पर - स्पीकर देवनानी ने कहा कि अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए भारत अब अमृतकाल के मार्ग की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों की विशेष यात्रा के साथ भारत 2047 में स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ मनायेगा। यह समय हमारे राष्ट्र के लिए आत्म निरीक्षण करने और भविष्य के लिए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का है। गुलाबी शहर का गुलाबी सदन पूरे देश के लिए आदर्श - स्पीकर देवनानी ने कहा कि गुलाबी शहर जयपुर का गुलाबी सदन राजस्थान विधान सभा पूरे देश के लिए आदर्श बन गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधान सभा ने सभी विधायी अभिलेखों को डिजिटाइज करके सुदृढ भविष्य को सुनिश्चित कर लिया है।

यह परिवर्तन केवल कम्प्यूटर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही बढ़ाने और शासन को गति देने से भी संबंधित है। पारम्परिक राजस्थानी शैली और आधुनिक आवश्यकताओं के अनूठे मिश्रण के साथ विधान सभा भवन को सुंदर तरीके से बनाया गया है। जनता से जुडने का सेतु है संग्रहालयः- स्पीकर देवनानी ने कहा कि विधान सभा का महत्वपूर्ण हिस्सा आधुनिक डिजिटल संग्रहालय है। यह संग्रहालय जनता विशेषकर युवाओं से जुड़ने का एक सेतु है। यह राज्य की लोकतांत्रिक यात्रा और इतिहास को जानने का अवसर प्रदान करता है। सदन के कार्यों को समझने का माध्यम है। कानून निर्माण की प्रक्रिया को जनता के करीब लाता है।

### पधारो म्हारे देश की भावना को समझ सकेंगे भारत की यात्रा से

स्पीकर देवनानी ने विदेशी प्रतिभागियों से कहा कि राजस्थान विधान सभा के वरिष्ठ और अनुभवी विधायकों के साथ चर्चा विधायी ज्ञान को बढ़ाएगी। ऐसे कार्यक्रम किताबों से परे जाकर अनुभव जानने के दुर्लभ अवसर हैं और संसदीय प्रक्रिया का वास्तविक ज्ञान भी होते हैं । कानून बनाना शासन की वैश्विक भाषा है, जिसे साझा करके हम सभी दुनियाभर में लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागी बनेंगे। देवनानी ने कहा कि पधारो म्हारे देश की भावना को भारत की यात्रा से बेहतर ढंग से विदेशी प्रतिभागी समझ सकेंगे।

## आरएएस भर्ती 2024 का अंतिम परिणाम जारी, 1096 पदों पर उम्मीदवारों का चयन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस भर्ती 2024 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 1096 पदों पर उम्मीदवारों का चयन किया गया है। अभ्यर्थी अब आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना नाम और रोल नंबर देख सकते हैं। लंबे इंतजार के बाद इस नतीजे से सफल अभ्यर्थियों में खुशी का माहौल है। आरएएस भर्ती की पूरी प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी हुई। सबसे पहले प्रारंभिक परीक्षा हुई, जिसमें सफल उम्मीदवारों ने मुख्य परीक्षा दी। मुख्य परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। साक्षात्कार की प्रक्रिया एक अप्रैल 2025 से शुरू हुई। अंतिम चरण के इंटरव्यू पूरा होने के साथ ही चयन प्रक्रिया समाप्त हुई। आयोग ने मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों को चुना है।

इस भर्ती में 428 पद राज्य सेवाओं के लिए और 668 पद अधीनस्थ सेवाओं के लिए रखे गए थे। आरएएस परीक्षा को राजस्थान की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षाओं में गिना जाता है। इसलिए सफल होना कई युवाओं के लिए सपने के सच होने जैसा है। चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत का फल मिलने पर परिवार और शिक्षकों का शुक्रिया अदा किया। परिणाम जारी होने के बाद सफल उम्मीदवार उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि सालों की तैयारी अब रंग लाई है। वहीं जो अभ्यर्थी इस बार सफल नहीं हो सके, वे निराश नहीं हैं। वे अगली परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं और अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। आयोग ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अब दस्तावेज सत्यापन और अन्य औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। नियुक्ति से जुड़े निर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट चेक करते रहें ताकि कोई महत्वपूर्ण सूचना छूट न जाए। आरएएस भर्ती 2024 का यह परिणाम राज्य के हजारों युवाओं के लिए एक बड़ा मौका साबित हुआ है।

### पूर्व मुख्यमंत्री का महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केन्द्र की एनडीए सरकार पर तीखा हमला

# महिला आरक्षण पर भाजपा सरकार का दोहरा खेल उजागर : गहलोत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केंद्र की एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि पूर्व में पारित हो चुके महिला आरक्षण कानून को रोकने के लिए लाया गया यह नया विधेयक एक सोचा-समझा षड्यंत्र साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह सहित पूरी सरकार को यह भली-भांति ज्ञात था कि विपक्ष के सहयोग के बिना इतना महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो सकता, इसके बावजूद विपक्षी दलों को विश्वास में लेने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। अशोक गहलोत ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लगातार सर्वदलीय बैठक की मांग करते रहे, लेकिन प्रधानमंत्री ने सभी दलों को एक मंच पर बुलाकर संवाद करने के बजाय अलग-अलग बातचीत कर राजनीतिक फूट डालने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यदि



सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण के प्रति गंभीर होती, तो दक्षिण भारत के राज्यों एवं पश्चिम बंगाल की आशंकाओं को दूर करने हेतु वहां के मुख्यमंत्रियों से सामूहिक चर्चा की जाती।

### परिसीमन पर उठाए सवाल

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार द्वारा लाया गया यह विधेयक परिसीमन के नाम पर भी खतरनाक संकेत देता है।

**विपक्षी दलों पर निशानाः** असम एवं जम्मू-कश्मीर में जिस प्रकार परिसीमन की प्रक्रिया के जरिए विपक्षी दलों को निशाना बनाया गया, उसके बाद केंद्र सरकार की नीयत पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**चुनावी हथकंडाः** उन्होंने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनावों के बीच संसद सत्र बुलाकर जानबूझकर ऐसी परिस्थितियां निर्मित कीं, जिससे विधेयक पारित न हो सके और इसका दोष विपक्ष पर मढ़ा जा सके।

### कांग्रेस का विजन और ऐतिहासिक योगदान

अशोक गहलोत ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण की सबसे बड़ी समर्थक रही है। उन्होंने महिलाओं के राजनीतिक नेतृत्व का श्रेय कांग्रेस को देते हुए कहाः 'पिछले तीन दशकों में लाखों महिलाओं को जमीनी स्तर की राजनीति में नेतृत्व का अवसर देने का श्रेय स्वर्गीय राजीव गांधी और कांग्रेस पार्टी को जाता है, जिन्होंने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण की ऐतिहासिक पहल की थी। '

### प्रमुख उपलब्धियां और भाजपा पर तंज

उन्होंने स्मरण कराया कि देश को पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, तथा पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार देने का गौरव कांग्रेस पार्टी को ही प्राप्त है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा आज तक अपनी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में किसी महिला को स्थापित नहीं कर सकी है।

अशोक गहलोत ने अंत में कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राजनीति नहीं, बल्कि सर्वसम्मति और संवैधानिक मर्यादा के साथ आगे बढ़ना चाहिए, ताकि देश की महिलाओं को उनका वास्तविक अधिकार मिल सके।

# चूरू में पारा 43 डिग्री पार, गर्मी और बारिश के बीच फसलों को नुकसान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम के दो अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। एक ओर जहां पश्चिमी विक्षोभ के चलते कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। बीते 24 घंटों के दौरान चूरू 43 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म इलाका रहा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले हफ्ते तक तापमान में 3 से 4 डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लू का प्रकोप बढ़ेगा। पिछले 24 घंटों में हनुमानगढ़ और चूरू के राजगढ़ क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली।

दोपहर बाद तेज आंधी के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटी पड़ी फसलों के साथ-साथ मंडियों में खुले में रखा अनाज भी भीग गया, जिससे काफी नुकसान की आशंका है। हालांकि, चूरू मुख्यालय पर आसमान साफ रहने से धूप काफी तेज रही। गर्मी के तेवरों की बात करें तो चूरू के बाद उदयपुर में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं भीलवाड़ा में 39.2 डिग्री, अजमेर में 39.1 डिग्री और नागौर में 38.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। बाड़मेर, जैसलमेर और पाली जैसे शहरों में तापमान में आंशिक गिरावट जरूर हुई है, लेकिन जयपुर, भरतपुर और टोंक जैसे जिलों में दिन भर बादल छाए रहने के बावजूद गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिली।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, अब वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है। आने वाले दिनों में आसमान पूरी तरह साफ रहेगा, जिससे तेज धूप खिलेगी। तापमान में क्रमिक वृद्धि होने के कारण अगले सप्ताह तक पारा 45 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। प्रशासन ने किसानों को कटी हुई फसल सुरक्षित स्थानों पर रखने और आमजन को दोपहर के समय गर्मी से बचने की सलाह दी है।

# जयपुर में सफाई सेवा मैराथन-2026 का आगाज

## कमिश्नर खुद उतरे फील्ड में, गंदगी फैलाने वालों को सख्त चेतावनी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** पिंक सिटी को कचरा मुक्त और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने शनिवार को अब तक का सबसे बड़ा सफाई अभियान शुरू किया है। इस अभियान को 'सफाई सेवा मैराथन-2026' का नाम दिया गया है। अभियान की गंभीरता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छुट्टी के दिन भी निगम कमिश्नर ओम कसेरा अपनी पूरी टीम के साथ सुबह 7 बजे ही फील्ड में उतर गए और सफाई व्यवस्था का मोर्चा संभाला। किशनपोल बाजार के निरीक्षण के दौरान जब कमिश्नर ने गंदगी देखी, तो वे खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने एक सफाई कर्मचारी के साथ मिलकर कचरा इकट्ठा किया और उसे डस्टबिन में डाला। हालांकि, अजमेरी गेट और जलेब चौक के आसपास पसरी गंदगी को देख उन्होंने नाराजगी भी व्यक्त की। कमिश्नर ने न केवल सफाई की, बल्कि आम जनता से संवाद कर उनका फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ओम कसेरा ने शहरवासियों और दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने कहा : 'हम जयपुर की जनता से सहयोग मांग रहे हैं और फिलहाल उन्हें प्रेम की भाषा में स्वच्छता का महत्व समझा रहे हैं। लेकिन अगर समझाने के बाद भी किसी ने सड़क पर गंदगी फैलाई या नियमों का उल्लंघन किया, तो निगम प्रशासन भारी जुर्माना वसूलने और सख्त कानूनी कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा। '

### सफाई योद्धाओं ने ली शपथ

अभियान की शुरुआत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की शपथ ली। वार्ड स्तर पर अधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रात तक चलने वाले इस अभियान में शहर का कोई भी कोना अछूता न रहे। रोजाना शहर से उठने वाले 2000-3000 टन कचरे के मुकाबले आज रिकॉर्ड मात्रा में कचरा निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है।

## खराब मौसम के चलते 21 फ्लाइट्स दिल्ली से जयपुर डायवर्ट, एक का फ्यूल खत्म

### कुआलालंपुर इंटरनेशनल की इमरजेंसी लैंडिंग, रात भर यात्री हुए परेशान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजधानी दिल्ली में बिगड़े मौसम और खराब विजिबिलिटी के चलते बीती रात कुल 21 फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट करना पड़ा। इनमें घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें तक शामिल थीं। अचानक बढ़े ट्रैफिक से एयरपोर्ट पर देर रात तक हलचल बनी रही। इस दौरान डायवर्ट होकर पहुंचे पांच विमानों के पायलटों का ड्यूटी टाइम पूरा हो गया। ऐसे में एविएशन



नियमों के अनुसार ड्यूटी टाइम समाप्त होने के बाद पायलट उड़ान संचालित नहीं कर सकते, जिसके बाद पैसेंजर्स को विमान से उतारकर बसों से दिल्ली भेजा गया।

दिल्ली में मौसम खराब रहने से शुक्रवार देर रात और भी छह फ्लाइट्स जयपुर पहुंचीं, जिनमें दो अंतरराष्ट्रीय और चार घरेलू उड़ानें शामिल थीं। इनमें अमेरिकन एयरलाइंस-292, एयर इंडिया ए1-278 (कोलंबो-दिल्ली), इंडिगो 6ई-6034 (बेंगलुरु-दिल्ली) जैसी उड़ानें थीं।

इसी बीच एक इंटरनेशनल फ्लाइट की जयपुर एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी लैंडिंग भी करानी पड़ी। मामला एयर एशिया की कुआलालंपुर से दिल्ली जा रही इंटरनेशनल फ्लाइट डी7-182 का है। यह फ्लाइट दिल्ली में खराब मौसम के कारण लैंड नहीं कर सकी और काफी देर तक दिल्ली के आसमान में चक्कर लगाती रही। लगातार होल्डिंग के कारण विमान में ईंधन कम होने लगा, जिसके बाद एहतियातन फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया। फ्यूल की स्थिति गंभीर होने पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने फुल इमरजेंसी घोषित की और रात करीब 11:15 बजे फ्लाइट को सुरक्षित रूप से जयपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद पैसेंजर्स और एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। हालांकि ईंधन भरने के बाद यह फ्लाइट रात करीब 3 बजे फिर दिल्ली के लिए रवाना हुई। दिल्ली का मौसम अभी भी खराब है, ऐसे में जयपुर एयरपोर्ट पर आज भी हलचल बनी हुई है।

# महिलाओं की विरोधी भाजपा कांग्रेस को न दे सीख, आरक्षण के नाम पर देश के साथ किया छलावाः जूली



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के हालिया बयान को तथ्यों से परे और भ्रामक करार देते हुए तीखा हमला बोला है। जूली ने कहा कि भाजपा द्वारा महिला हितैषी होने का किया जा रहा दावा केवल एक चुनावी मुखौटा है, जबकि असलियत में उनकी नीयत महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने की नहीं, बल्कि इस संवेदनशील विषय पर केवल राजनीति करने की है।

### परिसीमन की आड़ में मनमानी की साजिश

जूली ने स्पष्ट किया कि मामला केवल महिला आरक्षण बिल का नहीं था, बल्कि इसकी आड़ में परिसीमन से जुड़ी गहरी साजिश थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार परिसीमन को उस आधार पर करना चाहती थी, जिसमें उसे जातिगत जनगणना के आंकड़ों की जरूरत न पड़े। इससे भाजपा को अपनी मनमानी करने और चुनावी क्षेत्रों में हेरफेर करने की पूरी आजादी मिल जाती। विपक्ष ने इसी 'छिपे हुए एजेंडे' का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की इसी कुत्सित नीयत को जनता ने पहचान लिया और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा।

टीकाराम जूली ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित, ओबीसी और कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मोदी सरकार महिला आरक्षण को केवल एक 'हथियार' बनाकर संविधान की मूल भावना को चोट पहुँचाने की कोशिश कर रही है। जूली ने संकल्प दोहराया कि महिलाओं के नाम पर संविधान को कमजोर करने या संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ने के मोदी सरकार के हर कदम को कांग्रेस पूरी ताकत से रोकेगी। भाजपा यह समझ ले कि दलितों और पिछड़ों के अधिकारों से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अभी लागू करें महिला आरक्षण, विपक्ष तैयार

जूली ने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि 2023 में जो महिला आरक्षण विधेयक संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ था, उसे मोदी सरकार अभी और इसी वक्त लागू क्यों नहीं करती? उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष महिला आरक्षण के पक्ष में एकजुट है, लेकिन मोदी सरकार इसे जनगणना और परिसीमन के जाल में फंसाकर टाल रही है।

### नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे मोदी सरकार

जूली ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा और मोदी सरकार का 'सर्वसम्मति' में रत्ती भर भी विश्वास नहीं है; यह सरकार केवल 'इवेंट मैनेजमेंट' और 'पीआर' के दम पर देश को गुमराह करने में विश्वास रखती है। महिला आरक्षण जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर भी सरकार विपक्ष को साथ लेकर चलने में पूरी तरह विफल रही है।

उन्होंने कहा कि चूंकि मोदी सरकार इस महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक को उसकी मूल भावना के साथ लागू करने और तार्किक परिणति तक पहुँचाने में नाकाम रही है, इसलिए नैतिकता के आधार पर प्रधानमंत्री मोदी को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए । जो सरकार देश की आधी आबादी को उनके हक के नाम पर केवल छलावा देती हो, उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

जूली ने स्पष्ट कहा कि कि महिला आरक्षण के लिए पूरा विपक्ष तैयार है, लेकिन मोदी सरकार की नीयत साफ नहीं है। इन लोगों ने महिला आरक्षण को केवल एक मुखौटा बनाया ताकि उसकी आड़ में गलत तरीके से परिसीमन करवाया जा सके।

## श्री हनुमान जी के अस्त्र-शस्त्र क्या हैं



एसके मंगल

महाबली रामभक्तश्र हनुमान जी के अस्त्र-शस्त्रों में पहला स्थान गदा का है । आपको हैरानी होगी कि केवल गदा के साथ दिखने वाले महाबली हनुमान दस आयुध धारण करने वाले हैं । हनुमान जी अपने प्रभु श्रीराम के चरणों में पूर्ण समर्पित आप्तकाम निष्काम सेवक है।उनका सर्वस्व प्रभु की सेवा का उपकरण है उनके संपूर्ण अंग-प्रत्यंग, रद, मुष्ठि, नख, पूंछ, गदा एवं गिरि, पादप आदि प्रभु के अमंगलों का नाश करने के लिए एक दिव्यास्त्र के समान है । हनुमान जी वज्रांग हैं। यम ने उन्हें अपने दंड से अभयदान दिया है, कुबेर ने गदाघात से अप्रभावित होने का वर दिया है , भगवान शंकर ने हनुमान जी को शूल एवं पाशुपत आदि अस्त्रों से अभय होने का वरदान दिया था। विश्वकर्मा ने हनुमान जी को समस्त आयुधों से अवध्य होने का वरदान दिया है। शास्त्रों में हनुमान जी को दस आयुधों से अलंकृत कहा है । आयुधों में खड्ग, त्रिशूल, खट्वांग, पाश, पर्वत, अंकुश, स्तम्भ, मुष्टि, गदा और वृक्ष हैं । हनुमान जी का बायां हाथ गदा से युक्त कहा है ' वामहस्त गदायुक्तम् 'श्री लक्ष्मण और रावण के बीच युद्ध में हनुमान जी ने रावण के साथ युद्ध में गदा का प्रयोग किया था उन्होंने गदा के प्रहार से रावण के रथ को खंडित किया। स्कंदपुराण में हनुमान जी को वज्रायुध धारण करने वाला कह नमस्कार किया है उनके हाथ में वज्र सदा विराजमान रहता है। अशोक वाटिका में हनुमान जी ने राक्षसों के संहार के लिए वृक्ष की डाली का उपयोग किया था , हनुमान जी का एक अस्त्र उनकी पूंछ भी है। मुष्टिप्रहार से उन्होंने कई दुष्टों का संहार किया है। उनका वाहन होने की शक्ति किसमेंहै यह एक ऐसा प्रश्न है जिसमें यही कहकर संतोष किया जा सकता है कि उनके सिवा उनका वाहन होने की शक्ति और किसी में नहीं है । हनुमान जी इतने वेगवान है कि उनकी वेग की तुलना कोई और कर ही नहीं सकता है। हनुमत्सहस्त्रनामस्तोत्र' के 72वें श्लोक में उन्हें 'वायुवाहनः' कहा है और यह युक्तिसंगत भी है, तथापि वायु भी उनके भार का वहन करने में प्रायः असमर्थ ही हैं। हनुमान जी ने जगतपति श्रीराम और शेषनाग के रूप श्री लक्ष्मण को अपने कंधे पर बैठाकर उड़ान भरा था।

# जिले में 3898 में से 3427 परीक्षार्थी हुये उपस्थित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** सचिव राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर के निर्देशानुसार कृषि पर्यवेक्षक सीधी भतज़ परीक्षा 2026 का आयोजन शनिवार 18 अप्रैल को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि परीक्षा में उपखण्ड क्षेत्र पावटा में कुल 05 परीक्षा केन्द्रों पर आवंटित 1728 परीक्षार्थियों में 1526 परीक्षाथज़ उपस्थित रहे तथा जिला मुख्यालय के 06 परीक्षा केन्द्रों पर आवंटित 2170 परीक्षार्थियों में 1901 परीक्षाथज़ उपस्थित रहे। इस प्रकार जिले में 3898 में से 3427 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में सतत् मॉनिटरिंग हेतु 02 सतर्कता दल नियुक्त किये गये। जिनमें एक दल में जगदीश प्रसाद उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली, राजेन्द्र बुरड़क वृताधिकारी व पूरण चन्द एसीबीईओ को तथा दूसरे दल में साधना शर्मा उपखण्ड अधिकारी पावटा, उमेश कुमार निठारवाल वृत्ताधिकारी, सुरेष चन्द कसाना एसीबीईओ पावटा को नियुक्त किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर प्रष्न पत्र वितरण एवं सामग्री संग्रहण हेतु 07 उप समन्वयक, प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु 18 ऑब्जर्वर, 11 केन्द्राधीक्षक व 11 सहायक केन्द्राधीक्षक नियुक्त किये गये। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक वेरिफकेशन करवाई गई, परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

# आरएएस में चयन पर नम्रता को दी बधाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**चाकसू।** चाकसू निवासी नम्रता सिंह नारोलिया पुत्री चित्रगुप्त नारोलिया ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा में अंतिम रूप से चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नम्रता की इस उपलब्धि पर पार्षद सोनू मंडावरिया एवं कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के चाकसू ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम मंडावरिया सहित अन्य क्षेत्रवासियों ने खुशी प्रकट करते हुए बधाई दी है। क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी खुशी प्रकट की है।



# राज्यव्यापी विशेष अभियान के तहत सीईओ ने किया औचक निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर।** ग्रीष्म 2026 को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तर पर 18 एवं 19 अप्रैल को संचालित विशेष सत्यापन एवं मरम्मत अभियान के तहत जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया (आईएएस) ने शनिवार को पंचायत समिति बौंली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मित्रपुरा एवं बोरदा का औचक निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सीईओ ने हैंडपंपों, पाइपलाइन लीकेज तथा ग्रामीण पेयजल ढांचे की कार्यशीलता का मौके पर सत्यापन करते हुए निर्देश दिए कि सभी खराब हैंडपंपों एवं लीकेज को अभियान अवधि में ही प्राथमिकता से ठीक किया जाए, ताकि आमजन को गर्मी के दौरान निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने जलदाय विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी हैंडपंपों की पहचान के लिए कोडिंग प्रणाली लागू की जाए, जिसके तहत जलदाय विभाग के हैंडपंपों को हरे रंग तथा पंचायतीराज विभाग के हैंडपंपों को पीले रंग से चिह्नित किया जाए। इससे शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विभाग की त्वरित पहचान कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

सीईओ ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत निरीक्षण, मरम्मत एवं सत्यापन कार्यों के फोटोग्राफ संकलित कर निर्धारित समयसीमा में संपूर्ण रिपोर्ट तैयार की जाए तथा कार्यों की वास्तविक उपयोगिता का आकलन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यक मरम्मत कार्य उसी दिन पूर्ण किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय बोरदा एवं मित्रपुरा का भी निरीक्षण कर अभिलेख संधारण, स्वच्छता व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की तथा सुधार के निर्देश दिए।सीईओ ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान आमजन को राहत देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है तथा सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। औचक निरीक्षणों के माध्यम से कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सैनी समाज सम्मेलन की विशाल कलश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाईमाधोपुर।** श्री सत्यनारायण मोहल्ला आलनपुर के तत्वावधान में आयोजित विशाल कलश यात्रा आज श्री सत्यनारायण मंदिर प्रांगण से 1100 कलस की यात्रा को मंदिर प्रांगण में आलनपुर के समाज के दोनों मंदिरों के ठाकुर जीकी पूजा अर्चना के पश्चात रवाना किया गया।

सम्मेलन समिति के संरक्षक भागचंद सैनी एवं अध्यक्ष धनराज ठेकेदार ने बताया कि विशाल कलश यात्रा में हाथी, घोड़े और ऊंट के साथ ही राजस्थानी मस्क बेंड कच्ची घोड़ी नृत्य के साथ तथा तीन बड़े डीजे के साथ यात्रा आलनपुर सर्कल, सर्किट हाउस, सैनी छात्रावास होते हुए सम्मेलन स्थल पर पहुंची। यात्रा में महिला पुरुष और युवा खूब नाचते रहे।

# चिकित्सकों ने किया बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी दी

### नये सत्र 2026-27 में 01 अप्रैल से प्रवेश प्रारंभ के साथ 80 प्रतिषत सीटें हुई फुल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** ग्राम पवाना अहीर के सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास टाईप-4 में शनिवार को डॉ. मीनाक्षी चैधरी व एएनएम शौभा योगी ने प्राचार्य भागीरथ सिंह मीणा एवं वरिष्ठ व्याख्याता प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव के साथ बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा बालिकाओं से संवाद कर छात्रावास भवन का अवलोकन किया। प्राचार्य भागीरथ सिंह मीणा ने बताया कि अबकी बार नया सत्र 01 अप्रैल से शुरू हो जाने के साथ ही छात्रावास में भी कक्षा 09 से 12 तक की बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ हो गया है। 100 सीटों वाले छात्रावास में अब तक 80 प्रतिशत से अधिक सीटें फुल हो चुकी हैं। प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव ने कहा कि विभागीय दिशा निर्देश अनुसार एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, बीपीएल, अनाथ, बेघर, एकल माता पिता, दिव्यांग, घुमन्तू परिवारों व जरूरतमंद बालिकाओं को छात्रावास प्रवेश में प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के चुनिंदा विद्यालयों में शुमार राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान प्राप्त विद्यालय में श्रेष्ठ स्तरीय बोर्ड परीक्षा परिणाम, अनुशासन, भौतिक विकास, 33 बीघा पक्की भूमि वाला विशाल कैम्पस, खेल मैदान सहित सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं को सरकार द्वारा निशुल्क रहने, खाने, पीने, फीस, ट्रैक सूट, स्कूल ड्रेस, स्टेशनरी व प्रति माह स्टाइपेंड राशि उपलब्ध कराने सहित अनेकों सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। सीसीटीवी कैमरे युक्त छात्रावास भवन में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। सरकारी शिक्षिका महिला वार्डन नीतू कुमारी, सहायक वार्डन प्रियंका यादव, अकाउंटेंट ममता आर्य सहित 06 महिला कार्मिकों के अलावा गार्ड मूलचंद की ड्यूटी 24 घंटे रहती है।




# निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 365 मरीज लाभान्वित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** मौखिक स्वास्थ्य माह के अवसर पर कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित इम्मानुअल मिशन सैकण्डरी स्कूल में शनिवार को निःशुल्क दंत स्वच्छता एवं जांच शिविर का आयोजन एकलव्य डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के पीरियडॉन्टोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में हुआ। शिविर में 365 मरीजों (छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों) की दंत जांच की गई। डॉक्टरों की टीम ने सभी को मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुये सही ब्रशिंग तकनीक और दांतों की देखभाल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। जिसमें डॉ. प्रिया सोनी, डॉ. ईशांत अग्रवाल, डॉ. आयुषी भारद्वाज, डॉ. दृष्टि महापात्र, डॉ. आर्यन सिंह, आयुषी जैन एवं योगेश ने सक्रिय योगदान दिया। विद्यालय प्रबंधन ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनके समर्पण, समय और प्रयासों की सराहना की। विशेष रूप से एकलव्य डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के उप-प्रधानाचार्य डॉ. कमल गर्ग का आभार व्यक्त किया गया, जिनकी प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह सामाजिक सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की आशा व्यक्त की।

# कोटपूतली में आरएमएसआरयू इकाई का तीसरा जिला सम्मेलन संपन्न

### 70 से अधिक दवा प्रतिनिधियों ने लिया भाग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** दवा प्रतिनिधि संगठन आरएमएसआरयू की कोटपूतली इकाई का तीसरा जिला सम्मेलन शनिवार 18 अप्रैल को होटल सिटी व्यू में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन में 70 से अधिक दवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया और संगठन की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इकाई सचिव कॉमरेड घनश्याम सैनी ने सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि कॉमरेड महेश ने कोषाध्यक्ष रिपोर्ट रखी। दोनों रिपोर्टों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव कॉमरेड जितेंद्र कुम्भज ने एकता और संघर्ष की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य, केंद्र सरकार और उद्योगपतियों द्वारा मजदूर कर्मचारियों पर हो रहे शोषण के खिलाफ संगठित होकर आवाज उठानी होगी। सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें कॉमरेड घनश्याम सैनी को जिला सचिव, कॉमरेड जितेंद्र शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष तथा कॉमरेड महेश सेन और विष्णु जोशी को सीएससी कन्वीनर चुना गया। कार्यक्रम को कॉमरेड सुनील यादव और जेपी भारद्वाज ने भी संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन कॉमरेड महेश सेन द्वारा किया गया।

# पीएचईडी अपनी मशीनरी को एक्टिव मोड में रखते हुए पेयजल संबंधी समस्याओं को तुरंत निपटायें - जिला कलेक्टर

### डीएम और एडीएम ने किया पेयजल स्रोतों का निरीक्षण, निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** गमज़ के मद्देनजर जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता और अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने शनिवार को फील्ड में उतरकर हैंडपंपों और जल स्रोतों का निरीक्षण किया एवं पीएचईडी विभाग की टीम के साथ विभिन्न स्थानों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। जिला कलेक्टर एवं एडीएम ने पावटा उपखण्ड के ग्राम दादा का बास में जेजेएम के तहत बने उच्च जलाशय, ग्राम जोधपुरा में जेजेएम के तहत बने नलकूप और नगरपालिका पावटा में पाइपलाइन लीकेज मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने हैंडपंप में पानी की गुणवत्ता जांची और खराब हैंडपंपों को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि यह कदम गमज़ के मौसम में आमजन के लिए पेयजल संकट को रोकने के लिए उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों को बिजली विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनाकर जल आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को स्पष्ट कहा कि गमज़ के मौसम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल जीवन मिशन और समर कंटिंजेंसी के तहत कार्यों को समयबद्ध गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने, समस्याग्रस्त क्षेत्रों में पानी टैंकर आपूर्ति सुनिश्चित रखने, पेटजल वनस्थली सुचारू रखने, लीकेज और ख़राब पाइपलाइन को दुरस्त करने, संपर्क पर पेयजल के प्राप्त प्रकरण एवं शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने को कहा। इस दौरान जलदाय अधिशासी अभियंता देवेंद्र सिंगल, सहायक अभियंता दयाराम चैधरी सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन

**कोटपूतली।** शाहपुरा क्षेत्र की चिमनपुरा स्थित राजकीय महाविद्यालय में हाल ही में प्राचार्य द्वारा त्रिवेणी धाम संत महाराज के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध तुल पकड़ता जा रहा हैं। इसी के विरोध में शनिवार को एड. दिनेष कुमार अग्रवाल द्वारा प्रदेष के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की गई हैं। अग्रवाल ने पत्र में लिखा हैं कि प्राचार्य द्वारा त्रिवेणी धाम संत महाराज के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है, जो संत समाज की गरिमा के खिलाफ हैं। जिससे क्षेत्र के आमजन की भावनाओं को गहरा आघात लगा है। संतो के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त योग्य नहीं है, इससे संत समाज व आमजन में गहरा आक्रोश है। प्राचार्य को तुरंत प्रभाव से उक्त टिप्पणी पर माफी मांगनी चाहिये। अग्रवाल ने प्राचार्य को तुरंत प्रभाव से एपीओ कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग की हैं।

# स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (नियमित) सेमेस्टर द्वितीय के मिड-टर्म 20 से

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में समस्त स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (नियमित) सेमेस्टर द्वितीय के मिड-टर्म 20 अप्रैल से करवाये जायेगें। स्नातक बीए (नियमित) सेमेस्टर द्वितीय 22 अप्रैल, चतुर्थ सेमेस्टर 23 अप्रैल एवं षष्ठम सेमेस्टर 24 अप्रैल को मिड-टर्म को करवायें जायेगें। सम्बन्धित नियमित विद्याथज़ महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा समय सारणी को देखें। महाविद्यालय के समस्त स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (नियमित) सेमेस्टर द्वितीय एवं बीए (नियमित) सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम के समस्त नियमित विद्याथज़ उपरोक्तानुसार मिड-टर्म परीक्षा 2026 हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# बानसूर के दो युवक नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने बानसूर के दो युवकों को 300 ट्रॉमाडोल कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। ये कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन एंटी वेनम 2.0 (एनडीपीएस)' अभियान के तहत की गई। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान बानसूर थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी दीपक मीणा और राजपाल मीणा के रूप में हुई है। उन्हें ट्रांसपोर्ट नगर कोटपूतली से नशीले कैप्सूल के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है।



# बानसूर के वैभव तंवर को मिली 1737वीं रैंक

**कोटपूतली।** बानसूर के चतरपुरा निवासी वैभव तंवर ने आरएएस भतज़ परीक्षा 2024 में 1737वीं रैंक प्राप्त की है। यह सफलता दूसरे प्रयास में मिली। वैभव के पिता प्यारेलाल तंवर नारायणपुर के मुंडावरा में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं, मां मंजू देवी गृहिणी हैं। वैभव ने बताया कि इंटरव्यू के दौरान उनसे उनकी हॉबी के बारे में पूछा गया था। उन्होंने अपनी हॉबी 'शायरी' बताई, जिसके बाद उनसे शायरी सुनाने का आग्रह किया गया। उन्होंने इंटरव्यू में एक शायरी भी सुनाई। वैभव अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हैं। सेल्फ-स्टडी के माध्यम से ये सफलता हासिल की।



# कांग्रेस एससी विभाग जिलाध्यक्ष तारा पूतली का स्वागत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कांग्रेस एससी विभाग जिलाध्यक्ष, पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता तारा पूतली का शनिवार को परिवहन सलाहकार सदस्यों द्वारा स्थानीय आरटीओ कार्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर तारा पूतली ने कहा कि आपके प्रेम, आशीर्वाद व विष्वास ने मुझे नई ऊर्जा प्रदान की है। आपका प्यार मेरी सबसे बड़ी ताकत और असली पूंजी होती है, जो मुझे जनसेवा और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देती है।

# निर्माणाधीन मकान में मजदूर ने की आत्महत्या

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** करेड़ा खुर्द गांव में शुक्रवार देर रात एक मजदूर ने निर्माणाधीन मकान के बाहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान करौली जिले के गढ़मोरा गांव निवासी साहब सिंह गुर्जर के रूप में हुई है, जो यहां मजदूरी का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि अमावस्या होने के कारण अन्य कारीगर छुट्टी पर थे और वह मौके पर अकेला था।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मजदूर ने मकान की खिड़की की ग्रिल में रस्सी डालकर फंदा लगा लिया। सुबह जब आसपास के लोगों ने शव लटका देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी।

मकान मालिक गिरिराज चौधरी ने बताया कि मजदूर कुछ दिनों से यहां काम कर रहा था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मामले की जांच जारी है।



# गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत बैठक का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाईमाधोपुर।** श्री राधा कृष्ण गौशाला भैरु दरवाजा तहसील सवाई माधोपुर जिला सवाई माधोपुर राजस्थान में गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया । जिसमें पूर्वी राजस्थान गो प्रचारक पूज्य सन्त श्री वैष्णव दास जी महाराज बृंदावन, अर्पित पाराशर मंडरायल व तहसील गो प्रचारक डॉ रोहित सिंघल, नरेंद्र मोहन गर्ग उर्फ पिंटू ने कहा कि देशी नस्ल की गौ माता, जो भारतीय संस्कृति व सनातन परम्परा का मूल आधार है उस गोवंश की घोर उपेक्षा होने से बड़ी संख्या में गौ वंश निराश्रित अवस्था में यत्र तत्र विचरण कर रहा है,प्रतिदिन अनेकों गो वंश सड़को,राजमार्गों पर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है ।भारत के आधे से अधिक प्रांतों में गो वध की खुली छूट होने से नित्य हजारों गोवंश का कत्लखानों में निर्दयता पूर्वक वध किया जा रहा है, नाम मात्र की गोशालएँ हैं जिनमें भी व्यवस्थाएं समुचित नहीं है । अतः अब केंद्र सरकार द्वारा समुचित क़ानूनी संरक्षण दिए जाने की नितांत आवश्यकता है ।जो समूचे देश में एकरूपता से लागू हो ।महापुरुषों और विशेषज्ञों का मत है कि गो सेवा ,गो सुरक्षा और गो सम्मान को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 2036 तक भारत गोवंश रहित होकर विकृत हो जाएगा । जिसके फलस्वरूप हम सब का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा ।इस विषय पर गंभीर चिंतन करते हुए गो माता के कष्ट की विकराल समस्या के समाधान हेतु संतों और गो सेवकों की एक विशेष बैठक 6 माह पूर्व वृन्दावन धाम में हुई ,जिसमें पत्रक में वर्णित 2 वर्ष के काल खण्ड की वृहद योजना द्वारा ,संपूर्ण भारत वर्ष में गौ हत्या को प्रतिबंधित करने के लिए एवं गौ माता के सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए , गो माता के नेतृत्व में अभियान भारत भर के संतों और गो सेवकों द्वारा चलाया जा रहा है,जो पूर्णतया अहिंसक शांतिपूर्ण एवं अनुरोध के साथ रहेगा ।यह किसी भी राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के विरुद्ध नहीं है अपितु संविधान के दायरे में रहकर गोमाता के लिए वांछित ,सेवा सुरक्षा व सम्मान के लिए है।अतः27 अप्रेल 2026 को भारतवर्ष की प्रत्येक तहसील पर गोमाता के सानिध्य में सभी सनातनी, गो भक्त हज़ारों की संख्या मे संपूर्ण भारतवर्ष से गौ हत्या बंद करने के लिये एवं गौमाता जी को सम्मानजनक पद प्रदान करने के लिये सभी हस्तक्षर करके प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति ,मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र प्रदान करेंगे।

# ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण से पूर्व प्रभावित गांवों में होगी जनसुनवाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर।** राज्य में प्रस्तावित ब्यावर-भरतपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना के तहत सवाई माधोपुर जिले के प्रभावित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से पूर्व जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। यह जनसुनवाई भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 तथा राजस्थान नियम, 2016 के प्रावधानों के तहत आयोजित की जा रही है।

भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी वजीरपुर ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड गंगापुर सिटी के अधिशाषी अभियंता द्वारा जारी सूचना के अनुसार, परियोजना के तहत चार या छह लेन एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए प्रभावित गांवों में सामाजिक प्रभाव आंकलन (एसआईए) के तहत जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिससे प्रभावित व्यक्तियों को अपनी आपत्तियां एवं सुझाव रखने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि 4 मई को प्रातः 11 बजे वजीरपुर तहसील के प्रभावित राजस्व ग्राम रेण्डायल गुर्जर, रेण्डायल तुर्क, चक रेण्डायल गुर्जर, 5 मई को मोहचा, खेडला जनेतपुर तथा 6 मई को भालपुर, बाढ़रायल, कैमरीखुर्द के भारत निर्माण सेवा केन्द्र में जनसुनवाई का आयोजन होगा।

प्रशासन ने सभी प्रभावित भू-स्वामियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कराएं, ताकि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं न्यायसंगत तरीके से संपन्न की जा सके।

# एसपी की सराहनीय पहल: महिलाओं के प्रति संवेदनशील एवं सम्मानजनक पुलिसिंग की दिशा में बड़ा ऐतिहासिक कदम

## पुलिस विभाग और मंजरी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से पॉक्सो एक्ट 2013 एवं जेंडर सेंसिटाइजेशन पर उच्चस्तरीय विशेष कार्यशाला आयोजित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** पुलिस अधीक्षक के दूरदर्शी नेतृत्व और नवाचारपूर्ण पहल के तहत शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस विभाग और मंजरी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से सेक्शुअल हरासमेंट ऑफ वीमेन एट वर्कप्लेस (प्रिवेंशन, प्रोहिबिशन एंड रिड्रेसल) एक्ट, 2013 तथा जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर एक उच्चस्तरीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को यौनिक उत्पीड़न की रोकथाम, महिलाओं के प्रति संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार तथा कार्यस्थल को पूरी तरह सुरक्षित, समानतापूर्ण और पेशेवर बनाने के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना था। मुख्य फेसिलिटेटर के रूप में मंजरी फाउंडेशन के जेंडर एक्सपर्ट, प्रसिद्ध शिक्षाविद्व डॉ. राकेश सिंह जी ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों, वास्तविक केस स्टडीज और इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से विषय को अत्यंत प्रभावी एवं रोचक ढंग से समझाया। कार्यशाला के दौरान डॉ. सिंह जी ने कहा कि POSH एक्ट केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि हमारा नैतिक, सामाजिक और व्यावसायिक कर्तव्य भी है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और POSH एक्ट के प्रावधानों, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया तथा दैनिक फील्ड ड्यूटी में जेंडर संवेदनशीलता अपनाने पर गहन चर्चा की। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा आज की यह कार्यशाला पुलिस विभाग और मंजरी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास का सुंदर उदाहरण है। हमारा प्रयास है कि हमारा पुलिस बल न केवल कानून लागू करने वाला बल बने, बल्कि महिलाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील, सम्मानजनक और सुरक्षित कार्य संस्कृति का प्रतीक भी बने। एक सम्मानजनक कार्यस्थल ही हमें समाज की बेहतर सेवा करने की प्रेरणा और शक्ति प्रदान करता है। ऐसी कार्यशालाएं हम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित करेंगे। 'मंजरी फाउंडेशन की डायरेक्टर और प्रसिद्ध मानवधिकार से जुड़ें मामलो की वकील और प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता पूनम गोंडिया ने मंजरी फाउंडेशन और पुलिस विभाग के इस संयुक्त प्रयास को पुलिसकर्मियों ने अत्यंत सराहा। यह कार्यशाला पुलिस विभाग में जेंडर समानता, कार्यस्थल सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण, प्रेरणादायक और दीर्घकालिक कदम साबित होगी। इस मोके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने सभी से अपने कार्यस्थल क़ो सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की बात कहीं।

## 5 हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

# गौवंश तस्करी के आरोपी को पांच साल का कठोर कारावास

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** अपर जिला एवं सैशन न्यायालय धौलपुर ने करीब 4 साल पुराने गौ तस्करी के एक मामले में आरोपी को 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र की बरैठा पुलिस चौकी का है, जहां 27 अगस्त 2021 को गौवंश यानी सांडों से भरा एक कंटेनर पकड़ा था।

अपर जिला एवं सेशन न्यायालय धौलपुर के अपर लोक अभियोजक मुकेश सिकरवार ने बताया कि 27 अगस्त 2021 को बरैठा पुलिस चौकी पर गौवंश से भरा हुआ एक कंटेनर पकड़ा था। बरैठा पुलिस चौकी के तत्कालीन एएसआई अजय सिंह को



अपर लोक अभियोजक मुकेश सिकरवार

सूचना मिली कि धौलपुर से आगरा की तरफ एक कंटेनर जा रहा है, जिसमें अवैध रूप से गौवंश भरा हुआ है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए तत्कालीन एएसआई अजय सिंह ने नाकाबंदी की और गौवंश से भरे उस कंटेनर को रुकवाकर चैक किया गया।

कंटेनर में 32 सांड यानी बैल ठूंस ठूंसकर भरे हुए थे। कंटेनर में चालक सहित 4 लोग मौजूद थे। गौवंश को लेकर चालक से लाइसेंस मांगा गया, जो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और अन्य तीन लोगों को सवारी होना बताया। इसके बाद पुलिस ने कंटेनर चालक नवाब मौहम्मद पुत्र शकूर मौहम्मद उर्फ अब्दुल शकूर निवासी देशवालियों का मौहल्ला वार्ड नंबर 21 टोडाराय सिंह जिला टोंक राजस्थान को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ जांच अनुसंधान कर कोर्ट में चालान पेश किया।

इसी प्रकरण में 18 अप्रैल 2026 को सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राकेश गोयल ने कंटेनर चालक नवाब मौहम्मद पुत्र शकूर मौहम्मद उर्फ अब्दुल शकूर को 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# वैनपुरा के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई कार से बरामद हुआ कई क्विंटल नील गाय का मांस

## कंचनपुर पुलिस ने आरोपी चालक को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी





बाड़ी.. पेड़ से टकराई कार एवं कार में रखे हुए मांस के कट्टे

### बजरंग दल और गौ सेवकों ने जताई तस्करी की आशंका, आरोपी आगरा के ताजगंज निवासी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** कंचनपुर थाना पुलिस ने वेनपुरा गांव के पास एक दुर्घटनाग्रस्त कार से जंगली जानवर नीलगाय का मांस जब्त किया है। पुलिस ने कार चालक को भी हिरासत में लिया है, जिससे मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल और गौ सेवा संघ के पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त किया है और इसे तस्करी का मामला बताया है।

कंचनपुर थाने के हेड कांस्टेबल मुकेश गुर्जर ने बताया कि यूपी के आगरा जिले के ताजगंज थाना क्षेत्र निवासी बरखान पुत्र अली मोहम्मद उक्त स्पोर्ट कार चला रहा था। कार की डिक्की से 4 से 5 कट्टों में लगभग 300 से 400 किलोग्राम मांस मिला है,जिसे नीलगाय का मांस बताया जा रहा है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

पुलिस के अनुसार, कार (नंबर यूपी 80 डीडी 8206) वेनपुरा गांव के पास अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई थी। बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद मांस के कुछ कट्टे जमीन पर गिर गए। आसपास के लोगों ने जब कार के पास जाकर कट्टों में मांस देखा,तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को थाने लाकर हिरासत में लिया। कंचनपुर थाना अधिकारी रामकिशन यादव मामले की जांच में जुटे हैं। इस घटना को लेकर बजरंग दल के समीर गोस्वामी और अन्य पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इसे तस्करी का मामला बताते हुए पुलिस प्रशासन से पूरी छानबीन और मामले की गहन तहकीकात करने की मांग की है।

थानाधिकारी रामकिशन यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और आरोपी को हिरासत में लिया। गाड़ी में ले जाए जा रहे मांस को जब्त कर लिया गया है और आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है।

# पत्नी की हत्या के 3-दिन बाद पति ने किया सुसाइड, पेड़ से लटका मिला शव

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिले के सैंपऊ थाना क्षेत्र के भूरापुरा गांव में पत्नी की हत्या के 3 दिन बाद पति ने भी आत्महत्या



कर ली। पति का शव शनिवार सुबह रिंग रोड के पास एक खेत में एक पेड़ से लटका मिला। जानकारी के अनुसार भूरापुरा निवासी दिनेश कुशवाहा (40) पुत्र जगदीश कुशवाहा अपनी पत्नी मथुरा (35) की हत्या के बाद से फरार चल रहा था। उसने फंदा लगाकर आत्महत्या की। सैंपऊ थाने के एएसआई जय सिंह ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतरवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



बाड़ी.. एक सेंटर पर परीक्षा के लिए लगी अभ्यर्थियों की भीड़।

### शहर में दो सेंटरों पर हुई परीक्षा, समय से नहीं आये तो कई अभ्यर्थी लौटे वापस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में शनिवार को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया ,परीक्षा के लिए शहर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए जिन पर 612 अभ्यर्थियों को नामांकित किया गया था। परीक्षा भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई है। 11 बजे से 01 बजे तक आयोजित हुई परीक्षा को लेकर सुबह दस बजे तक अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। इसके बाद आये कई अभ्यर्थी मायूस होकर परीक्षा केंद्र से वापस लौटे। परीक्षा आयोजन के लिए सभी सुरक्षा इंतजाम किए गए। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र देखने के साथ मेटल डिटेक्टर से भी जांच कराई गई।

परीक्षा आयोजन को लेकर डिप्टी कोऑर्डिनेटर एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया कि शहर में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला और गवर्नमेंट सीनियर गर्ल्स स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया। जहां सभी सुरक्षा के इंतजाम के साथ परीक्षा संपन्न शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल के केंद्र अधीक्षक हरिओम सिकरवार ने बताया कि किला स्कूल में 432 अभ्यर्थियों को नामांकित किया है। वहीं गर्ल्स स्कूल में 180 अभ्यर्थी नामांकित हैं। परीक्षा को लेकर बनाए गए कंट्रोल रूम के प्रभारी एसीबीईओ अजय कौशिक ने बताया की परीक्षा में दोनों सेंटरों पर 612 अभ्यर्थी नामित थे जिनमे से 85 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे है। परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण रूप से हुआ है।

# क्विज प्रतियोगिता में न्यू रॉयल स्कूल के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



धौलपुर...एसपी विकास सांगवान के साथ मौजूद विद्यालय के प्रतिभागी बच्चे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाइन में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें न्यू रॉयल पब्लिक सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी विकास सांगवान द्वारा विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मुग्धेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 1000 का नकद पुरस्कार जीता, जबकि अंश जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 500 का नकद पुरस्कार हासिल किया। विपुल जैन एवं मानसी गर्ग को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान रितुल जैन ने रूसी गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन शानदार उपलब्धियों के आधार पर अंश जैन एवं मुग्देश शर्मा का चयन अगले चरण के लिए किया गया, जो भरतपुर रेंज में आयोजित हुआ। भरतपुर रेंज में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में मुग्धेश एवं अंश जैन को पांच पांच सौ रुपए सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर भरतपुर आईजी द्वारा सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार न्यू रॉयल पब्लिक स्कूल में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे भी इसी प्रकार निरंतर प्रगति करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# आधा दर्जन मौहल्लों में कार्यवाही कर पकड़े 9 बिजली चोर, ढाई लाख का जुर्माना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** जयपुर विधुत वितरण निगम की टीम द्वारा भीषण गर्मी में लगातार बढ़ रहे विधुत लोड को लेकर एक बार फिर से बिजली चोरी को लेकर बिजली चोरों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। जिसमे शनिवार को आधा दर्जन मोहल्लो में कार्यवाही करते हुए 9 विद्युत उपभोक्तााे को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। जिनके विरुद्ध मौके पर ही वीसीआर भरी गई तथा लगभग ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया की गर्मी के दिनों में लगातार विधुत भार बढ़ रहा है साथ में ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड आ रहा है। जिससे ट्रांसफॉमर जलने की घटना सामने आ रही है क्यों की ट्रांसफॉमर्र मीटर की क्षमता के हिसाब से लगाए जाते है। जिसमे बिजली चोरी करने बाले लोड बढ़ा देते है ऐसे में बिजली चोरो के खिलाफ उच्च अधिकारियो के निर्देश



पर अभियान चलाया है जिसमे धनौरा रोड, कृष्णा कॉलोनी, किरी,घुटिल्ला चौक, मलकपाड़ा, तुलसीवन रोड पर कार्यवाही की है। जहां से 09 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है जिन पर करीब ढाई लाख रूपये का जुर्माना किया गया है।

डिस्कॉम के अधिकारियो ने शहर के बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली चोरी से बचें,नियमित विद्युत कनेक्शन लेकर निर्बाध रूप से बिजली का उपयोग करे अन्यथा उनके खिलाफ न केवल जुर्माना बल्कि एफआइआर की कार्यवाही की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता आर.डी. मीणा, कनिष्ठ अभियंता कुलदीप शर्मा के साथ तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरों ने परचून की दुकान व बदरैठा में घर में घुसकर लाखों का माल और नकदी की पार

### पुलिस जुटी मामले की जांच में

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के सैपऊ रोड और कंचनपुर के बदरेठा गांव में चोरी की वारदात सामने आई है। सैपऊ रोड पर बस स्टैंड के पास एक परचून की दुकान में चोरों ने शटर के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसमें बीस हजार की नगदी के साथ लाखों का सामान चोरी हुआ है। वही कंचनपुर के बदरेठा गांव में घर में चोरी की वारदात हुई है। जिसमे अलमारी एवं बक्सों के ताले तोड़कर लाखों रुपए की सोने,चांदी के गहने एवं नगदी को पार किया है। घटना को लेकर कंचनपुर और बाड़ी कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

शहर के सैपऊ रोड पर परचून की दुकान में हुई चोरी की घटना को लेकर मठ लखेपुरा गांव निवासी पीड़ित जीवन गोस्वामी पुत्र रामजीलाल गोस्वामी ने बताया कि वह शुक्रवार की शाम 8 बजे के करीब अपनी दुकान को बंद कर घर गए थे। शनिवार सुबह 9 बजे आकर देखा तो दुकान की शटर के ताले टूटे पड़े थे। जब उन्होंने शटर उठाया तो दुकान की पेटी में रखी करीब 20 हजार की नगदी गायब थी साथ में दुकान का कीमती सामान चोरी किया गया है। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित की दुकान में चोरी इस घटना में करीब एक से डेढ़ लाख रुपए का सामान चुराया गया है। वही कंचनपुर थाना क्षेत्र के बदरेठा गांव के पास गिरधारी का पूरा में एक घर में चोरी की वारदात हुई है। पीड़ित ठाकुर दास पुत्र कीरतराम शर्मा ने बताया की वह एक शादी में गए थे। रात 12 बजे के बाद लौटे और घर में आकर सीधे कमरे में जाकर सो गए। एक कमरे में पुत्रवधू सोई हुई थी।





बाड़ी.. बदरेठा में अलमारी का ताला तोड़कर हुई चोरी के बाद बिखरा सामान एवं सैपऊ रोड पर दुकान में चोरी के बाद खाली पड़ी पेटी।

बाकी घर पर कोई नहीं था। रात में चोरों ने छत के रास्ते प्रवेश किया और कमरों में रखी हुई अलमारी,बक्से आदि के ताले तोड़कर दो सोने की जंजीर,6 अंगूठी,चार सोने की चूड़ी,एक सोने का हार,पांच सोने की झुमकी और 42 हजार की नगरी चोर चुरा ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई। जिसके बाद कंचनपुर पुलिस को बुलाया। कंचनपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक के चम्बल नदी में कूदने से मचा हडकम्प

**धौलपुर।** चम्बल नदी में एक युवक के कूदने का मामला सामने आया है। युवक के नदी में कूदने से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। युवक समौला निवासी सत्यप्रकाश उम्र 28 वर्ष बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि उसका आखिरी फोन अपने साथी को किया था। जिसमें उसने कहा कि में आखिरी बार तुम्हे फोन कर रहा हूं। मेरी बाइक पुराने चम्बल पूल के बीच में पड़ी है। मेरी सभी से राम राम कह देना। यह सूचना मिलते कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना में रेस्क्यू कराने को लेकर एमपी-राजस्थान सीमा में अटका पड़ा है। परिजनों ने बताया कि शाम पांच बजे तक रेस्क्यू टीम के नहीं पहुंचने पर गांव के लोग पुल पर एकत्रित हो गये।

# विद्यालय लाइब्रेरी में बच्चों ने लिया कहानी संक्षेपीकरण गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा की लाइब्रेरी में शुक्रवार को 'कहानी संक्षेपीकरण गतिविधि' का आयोजन पुस्तकालय प्रभारी अर्जुन सिंह, व्याख्याता प्रशांत श्रोत्रिय, श्रीगोविन्द द्वारा किया गया। इस गतिविधि में कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल चौहान ने बताया कि गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करना और मुख्य विचारों को समझकर कम शब्दों में व्यक्त करने



की क्षमता बढ़ाना था। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में पांच पांच बच्चों के समूह को पुस्तकें वितरित कर स्कूल खुलने पर उन पुस्तकों के सारांश लिखकर लाने का गृहकार्य दिए जाने की योजना प्रभारी फैरन सिंह व्याख्याता, सुरेश चंद्र, महेंद्र सिंह शिक्षकों ने प्रस्तावित की है,उसी का पूर्वाभ्यास शिक्षकों की देखरेख में कराया गया है। वरिष्ठ अध्यापक धर्मवीर सिंह और रवि कुमार ने बच्चों को चित्रकथाओं की कहानियां पढ़वाई, जिसके बाद छात्रों ने अपनी भाषा में कहानियों का सार प्रस्तुत किया। कक्षा 12 की छात्रा प्रियंका ने 'ईदगाह' का संक्षेपण कर सभी का ध्यान खींचा, वहीं कक्षा 7 के छात्र राहुल ने 'हार की जीत' का सार बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया। सर्वश्रेष्ठ संक्षेपण करने वाले 3 विद्यार्थियों को मोमेंट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक मनोज गर्ग एवं अतिवीर सिंह ने ग्रीष्मावकाश में सर्वश्रेष्ठ पुस्तक का निचोड़ लिखने वाले तीन विद्यार्थियों को पांच किताबों का सैट देने की घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थित एसएमसी सदस्यों ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों की रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को निखारती हैं। स्कूल प्रबंधन को भविष्य में भी लाइब्रेरी को जीवंत बनाने के लिए ऐसे आयोजन करने चाहिए।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सख्त, 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित

**धौलपुर।** आगामी अक्षय तृतीया (आखातीज) एवं पीपल पूर्णिमा जैसे अवसरों पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने सख्त कदम उठाए हैं। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी करते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जिला कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष संख्या 51 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा। कंट्रोल रूम का संचालन तीन पारियों में किया जाएगा। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 05642-220033 तथा ईमेल आईडी icpsdholpur@gmail.com जारी की गई है, जिस पर बाल विवाह से संबंधित सूचना दी जा सकती है। कंट्रोल रूम के प्रभारी के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक लेखाधिकारी मंगीलाल आर्य को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक धौलपुर एवं जिले के सभी उपखंड मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर प्रभावी निगरानी एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलक्टर में कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इस पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं साई स्मार्ट सिटी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रबंध संपादक जितेन्द्र सिंह रजौरिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। फोन: 05642-224444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार